RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 162 • 03:10:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## 'स्वच्छ भारत' अभियान ने आम जन के जीवन में गहरा एवं अनमोल प्रभाव डालाः प्रधानमंत्री

### हम सब स्वच्छता मुहिम का हिस्सा जरुर बनेंः पीएम मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 'स्वच्छ भारत' अभियान ने आम जन के जीवन में गहरा एवं अनमोल प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की प्रतिष्ठा बढ़ने से देश में एक मनोवैज्ञानिक परिवर्तन भी हुआ है। पहले साफ सफाई के काम से जुड़े लोगों को अलग नजर से देखा जाता था। स्वच्छ भारत अभियान से साफ सफाई करने वालों को मान-सम्मान मिला और उनको गर्व का एहसास हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 155वीं गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस 2024 कार्यक्रम में भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' है। इस दौरान उन्होंने 9,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई स्वच्छता और सफाई परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इसमें अमृत और अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और गोबरधन योजना के तहत परियोजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद भी 21वीं



सदी के भारत का जब अध्ययन होगा तो उसमें 'स्वच्छ भारत अभियान' को जरूर याद किया जाएगा। यह सबसे बड़े सबसे सफल जन भागीदारी, जन नेतृत्व वाले जन आंदोलन के रूप में उभरा है। एक अंतरराष्ट्रीय जनरल स्टडी का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन से हर वर्ष 60 से 70 हजार बच्चों का जीवन बच रहा है। यह शोध 'इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी आफ केलिफोर्निया' और 'ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी' के वैज्ञानिकों ने मिलकर किया है। उन्होंने कहा कि लाखों लड़कियां अलग-अलग टॉयलेट न बनने के कारण समय से पहले स्कूल छोड़ देती थीं। अब इस स्थिति में बदलाव हुआ है। यूनिसेफ की एक और स्टडी के मुताबिक साफ-सफाई होने के कारण गांव के परिवारों के हर साल औसतन 50 हजार रुपये बच रहे हैं। पहले आए दिन बीमारियों के कारण पैसा इलाज पर खर्च होता था। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पिछली कांग्रेस सरकारों पर स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद गांधी के पदचिह्नों पर चलने का दावा करने और उनके नाम पर सत्ता हासिल करने वालों ने 'स्वच्छ भारत' के उनके बुनियादी विचार को ही नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सालों तक गांधीजी की विरासत का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करते रहे लेकिन स्वच्छता पर कभी जोर नहीं दिया। उन्होंने गंदगी को ही जिंदगी मान लिया लेकिन मोदी सरकार ने गांधीजी के इस विजन को अस्तित्व में लाने में कोई कौर-कसर नहीं छोड़ी। उनकी सर्वोत्तम प्राथमिकता देशवासियों के जीवन को सरल बनाना है। 'स्वच्छ भारत' पखवाड़े के पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन करोड़ों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज देश भर में लोग स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। वह अपने गांव, शहरों, मोहल्लों, फ्लैट, सोसाइटी की सफाई कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिन से शुरू हुए दो सप्ताह के स्वच्छता कार्यक्रम में देशभर में सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जन भागीदार के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाए गए। इसकी जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के 15 दिनों में 23 भर में 27 लाख से ज्यादा कार्यक्रम हुए, जिसमें 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करके ही हम भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। वह प्रत्येक भारतीय को इसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। विकसित भारत की यात्रा से हमारा हर प्रयास स्वच्छता से संपन्नता के मंत्र को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि गंदगी के प्रति नफरत ही हमें स्वच्छता के लिए मजबूत कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर आज स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वाटर और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। नमामि गंगे से जुड़ा काम हो रहा है या फिर कचरे से बायोगैस करने वाले गोवर्धन प्लांट बन रहा है। यह काम स्वच्छ भारत मिशन को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

## राष्ट्रपति, पीएम एवं राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेताओं ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



एजेंसी। नई दिल्ली

आज पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मना रहा है। उनकी याद में आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें याद किया जा रहा है और आदर्शों पर चर्चा हो रही है। बुधवार की सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई दिग्गज नेताओं ने बापू को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान कभी नहीं भूला जा सकता। पीएम ने एक्स पर लिखा कि पूज्य बापू का जीवन और सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित आदर्श हमेशा देश के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों का दृढ़ता से पालन किया और दुनिया भर के राजनेताओं और कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों को प्रेरित किया।

### आजादी की लड़ाई में खादी ने बहुत बड़ी भूमिका निभाईः नड्डा

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में खादी ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। महात्मा गांधी ने हमेशा खादी को अपनाया और इसके जरिए देशवासियों को आजादी के लिए एकजुट किया, इसलिए खादी बहुत महत्वपूर्ण रही है। इसने देशवासियों के स्वावलंबन और एकजुटता को साकार किया है। बुधवार को जेपीनड्डा ने कनॉट प्लेस स्थित खादी स्टोर से वस्त्र खरीदे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में नड्डा ने कहा कि आजादी के बाद खादी लंबे समय तक उपेक्षित रही लेकिन 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए तो उन्होंने दो चीजों पर जोर दिया। पहला'वोकल फॉर लोकल' और दूसरा 'खादी फॉर नेशन, फैशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन'।



इसी तरह खादी की बिक्री और रोजगार बढ़ाने के लिए भी पिछले दशक में काफी काम किया गया है। नड्डा ने कहा कि खादी फॉर नेशन- फॉर फैशन- फॉर ट्रांसफॉर्मेशन' को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ खादी के विक्रय और उपयोग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इस क्षेत्र में लोगों की आजीविका को संबल प्राप्त हुए हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर अत्यधिक संख्या में खादी को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने भी महात्मा गांधी की जयंती पर खादी भंडार में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मु ने लिखा चीन के राष्ट्रपति को पत्र



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश भेजा है। 1 अक्टूबर 1949 को चीन में कम्युनिस्ट शासन की स्थापना हुई थी। पार्टी नेता माओत्से तुंग ने इस दिन 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी)' के निर्माण की घोषणा की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 27 सितंबर को चीन के राष्ट्रपति को यह पत्र लिखा था। चीन के भारत में राजदूत जू फेइहोंग ने आज से सोशल मीडिया पर पत्र को साझा किया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने पत्र में कहा है कि भारत और चीन दो बड़े पड़ोसी देश हैं, जिनके साझा क्षेत्रीय हित और कई विकासात्मक चुनौतियां हैं। इसे देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि दोनों देश शांतिपूर्ण एवं स्थिर संबंधों की दिशा में प्रयास करें। वे उनके साथ मिलकर पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध बनाने तथा दोनों देशों, क्षेत्र और विश्व के लोगों के लाभ के लिए अपनी-अपनी शक्तियों का उपयोग करने के लिए तत्पर हैं।

### प्रधानमंत्री स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई




**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्राप्त स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी की अंतिम तारीख को 2 अक्टूबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया है। यह नीलामी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत को दर्शाती है। बुधवार को मंत्रालय ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति आधिकारिक वेबसाइटः https://pmmementos.gov.in/ के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं और नीलामी में शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्राप्त हुए उपहारों की प्रदर्शनी और ई-नीलामी उनके जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के लिए लगाई गई थी, जिसकी अंतिम तारीख को अब बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है। इस ई नीलामी में पारंपरिक कला का अनूठा कलेक्शन है, जिसमें पेंटिंग, उत्कृष्ट मूर्तियां, स्वदेशी हस्तशिल्प, मनोरम लोक और आदिवासी कलाकृतियां हैं। इनमें पारंपरिक अंगवस्त्र, शॉल, टोपी और औपचारिक तलवारें भी हैं। नीलामी की एक प्रमुख विशेषता पैरा ओलंपिक, 2024 की खिलाड़ियों की वस्तु है। इस नीलामी से जमा होने वाली राशि को नमामि गंगे परियोजना को दिया जाएगा।

## मुजफ्फरपुर में बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड अन्तर्गत घनश्यामपुर पंचायत के बेसी बाजार के निकट बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हेलीकॉप्टर सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री लेकर जा रहा था। उसी दौरान उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते हेलीकॉप्टर क्रैश कर गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होंने हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत चारों जवानों को बचा लिया। इस घटना में हेलीकॉप्टर के पायलट समेत चारों जवान सुरक्षित हैं। मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश कुमार ने 'हिन्दुस्थान समाचार' से बातचीत में बताया कि हेलीकॉप्टर ने औराई प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाके में आपात लैंडिंग की है। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और जवानों को बचाकर



सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि चारों जवान सुरक्षित हैं और उन्हें एहतियात के तौर पर श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसकेएमसीएच) भेजा गया है, जहां उनके स्वास्थ्य की जांच और उपचार किया जा रहा है।

**वायुसेना ने बयान जारी कर बताई वजह** : इस दुर्घटना को लेकर भारतीय वायु सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इंजन फेल होने के बाद पायलट ने पानी में हेलीकॉप्टर को लैंड कराया। सभी एयरफोर्स जवान और पायलट सुरक्षित हैं।

## सही दिशा में किया गया प्रयास सही परिणाम देता हैः पीएम मोदी

### झारखंड में किया 83 हजार 300 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

एजेंसी। रांची

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को झारखंड पहुंचे। हजारीबाग में पीएम मोदी ने 83 हजार 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, वह आदिवासियों के कल्याण से जुड़ी हुई हैं। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती है, आदिवासी विकास के लिए उनका विजन हमारी पूंजी है। गांधीजी का मानना था कि देश का विकास तब



ही हो सकता है, जब जनजातीय समाज का विकास हो। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सही दिशा में किया गया प्रयास सही परिणाम देता है। योजनाओं के शिलान्यास के साथ ही पीएम मोदी ने देश के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की। इस अभियान पर 79 हजार 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके बाद झारखंड बीजेपी की ओर से चलाए जा रहे परिवर्तन यात्रा का समापन किया। पीएम मोदी गुरुवार को झारखंड दौरे पर पहले रांची के बिरसा एयरपोर्ट पहुंचे, वहां से सेना के हेलिकॉप्टर से हजारीबाग के लिए रवाना हो गए। पीएम मोदी ने देश के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की। इस अभियान पर 79 हजार 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बता दें कि पीएम मोदी का पिछले 17 दिनों में झारखंड का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले 14 सितंबर को पीएम जमशेदपुर आए थे। इसी साल झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। हजारीबाग में परिवर्तन महासभा में पीएम मोदी शामिल होंगे। फिलहाल झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे समेत कई बड़े नेता मंच पर मौजूद थे।

## पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत की आशंका

**पुणे।** महाराष्ट्र के बावधन बुद्रुक इलाके में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसमें तीन लोग मारे गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही हिंजवडी पुलिस पहुंची हैं। इमरजेंसी सर्विसेस की स्थिति का आकलन करने और क्रैश में प्रभावित लोगों को निकालने के लिए टीम पहुंची है। पिंपरी चिंचवाड़ के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, पुणे जिले में बावधन के पास एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है। बता दें कि पिछले महीने भी यहां एक और हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। हिंजवाड़ी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक कन्हैया थोराट ने बताया, बावधन इलाके में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीन लोगों के मारे जाने की आशंका है, लेकिन हेलीकॉप्टर की सटीक पहचान और स्वामित्व की पुष्टि की जानी बाकी है क्योंकि यह अभी भी आग की लपटों में घिरा हुआ है। पुणे क्रैश का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि आसमान से उड़ते-उड़ते हेलिकॉप्टर जमीन पर आकर गिरा। कुछ ग्रामीणों की नजर हेलिकॉप्टर पर पड़ी तो उन्होंने इसका वीडियो बनाया।

## अब रेलवे रचने जा रहा इतिहास, हाईड्रोजन से ट्रेन चलाने वाला 5वां देश बनेगा भारत

**नई दिल्ली।** चांद पर तिरंगा फहराने वाले भारत ने अब रेलवे में भी इतिहास रचने की योजना बनाई है। मतलब देश को जल्द ही हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात मिल सकती है। खास बात ये हैं कि हाईड्रोजन से ट्रेन चलाने वाले मात्र 4 देश हैं, भारत पांचवा देश बन जाएगा। अब तक इस तरह की ट्रेनें जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन में संचालित हो रही हैं। भारतीय रेलवे ने मौजूदा डीईएमयू यानी डीजल इलेक्ट्रिक मल्टिपल यूनिट ट्रेनों में हाइड्रोजन फ्यूल सेल को दोबारा फिट करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रोटोटाइप ट्रेन को लेकर चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में काम जारी है। खबर है कि ट्रायल के बाद रेलवे हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज पहल के तहत 35 हाइड्रोजन ट्रेनें लाएगा। रेलवे ने



हर ट्रेन के लिए 80 करोड़ रुपये निवेश करने और 70 करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए खर्च करने की योजना बनाई है। रिपोर्ट के अनुसार, हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप दिसंबर 2024 में हरियाणा के जींद-सोनीपत सेक्शन में दौड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया है कि हाइड्रोजन ट्रेन के लिए तय हेरिटेज रूट्स में मथेरन हिल रेलवे, दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, काल्का-शिमला रेलवे, कांगड़ा घाटी और नीलगिरी माउंटेन रेलवे की योजना बनाई है।

## रूस और यूक्रेन के बीच लगातार संवाद स्थापित कर रहा है भारतः एस जयशंकर

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत, रूस और यूक्रेन के बीच संवाद स्थापित कर रहा है, ताकि दोनों देशों के बीच मतभेदों को सुलझाने में मदद मिल सके। अमेरिकी थिंक टैंक कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में अपनी उपस्थिति के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि आपने 'संचार' शब्द का प्रयोग किया, क्योंकि मुझे लगता है कि इस समय शायद यह हमारी वर्तमान स्थिति के लिए सबसे अच्छा विवरण है। मंत्री से रूस और यूक्रेन के साथ संबंधों में भारत की भूमिका के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा, हमारी सार्वजनिक स्थिति यह है कि हमें नहीं लगता कि देशों के बीच के



मतभेद या विवाद युद्ध से सुलझाए जा सकते हैं। दूसरी सार्वजनिक स्थिति यह है कि हमें नहीं लगता कि हम वास्तव में युद्ध के मैदान से एक निर्णायक परिणाम हासिल कर सकते हैं। तीसरी बात यह है कि अगर आप एक निर्णायक परिणाम नहीं हासिल करने वाले हैं, तो किसी न किसी रूप में, किसी न किसी बिंदु पर, बातचीत होनी ही चाहिए। वहीं दूसरी तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए भारत लगातार प्रयास कर रहा है। इन्ही प्रयासों के साथ भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पूर्वी यूरोप में युद्ध को समाप्त करने के तरीके पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ भारत की बातचीत के बारे में उन्हें जानकारी दी। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बताया है। ऐसा माना जाता है कि डोभाल की फ्रांसीसी राष्ट्रपति के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

## मनोज भारती बने जन सुराज के पहले कार्यकारी अध्यक्ष

पुर्व में तय शुदा कार्यक्रम के अनुसार ही आज गाँधी जयंती के अवसर पर जन सुराज अभियान राजनीतिक दल में परिवर्तित हो गया इस दल का पहला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती को बनाया गया। जैसा कि पुर्व में ही घोषणा थी कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर जन सुराज आधिकारिक तौर पर दल में परिवर्तित किया जायेगा । आज पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में लाखों की संख्या से बिहार के कोने-कोने से आए लोगों की सहमति से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने दल के पहले कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज भारती के साथ साथ दल के संविधान के पांच प्रमुख प्रावधानों को बिहार और देश की जनता के समक्ष रखा। प्रशांत किशोर ने आज बिहार की जनता को यह सुनिश्चित कराया की जन सुराज आएगा और यह 5 काम हो जाएंगे। प्रशांत किशोर ने अपने संबोधन में सबसे पहले जनता को जन सुराज के पांच बड़े वादों को जनता के सामने रखा।

**पहला** – बिहार को फिर से ज्ञान की भूमि बनाना।जैसे पहले नालंदा और तक्षशिला थे।

**दूसरा**– हर युवा के हाथ में बिहार में ही रोजगार ताकि बिहार से पलायन को बंद कर सके।

**तीसरा**– हर 60 वर्ष की आयु से ऊपर हर महिला- पुरुष को प्रतिमाह 2 हजार रुपए की पेंशन।

**चौथा** – महिलाओं को सरकारी गारंटी पर व्यवसाय के लिए 4 प्रतिशत सालाना ब्याज पर पूंजी उपलब्ध कराना।



**पांचवा** – वादा कि बिहार के किसानों को सहयोग करके बिहार में हो रही पेट भरने वाली खेती से कमाने वाली बनाना।

जिसके बाद प्रशांत किशोर ने दल के पहले कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व भारतीय राजनयिक मनोज भारती के नाम को औपचारिक तौर पर लोगों के बीच रखा। प्रशांत ने मनोज भारती का परिचय देते हुए बताया कि इनका जन्म मधुबनी में हुआ है और ये अनुसूचित जाति से आते हैं। मनोज की शुरुआती शिक्षा जमुई के सरकारी विद्यालय से हुई और उसके बाद उन्होंने नेतरहाट से पढ़ाई की। उन्होंने IIT कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की। फिर IIT दिल्ली में पढ़ाई करते हुए उनका चयन भारतीय विदेश सेवा में हुआ। वे चार देशों में देश के राजदूत रहे भी रहे। प्रशांत किशोर ने जन सुराज दल के संविधान के प्रमुख प्रावधानों को भी जनता के सामने रखा और उनकी इन सभी पर सहमति भी ली। सबसे पहले उन्होंने बताया की जन सुराज के अध्यक्ष का कार्यकाल 1 साल का होगा और लीडरशिप काउंसिल का 2 साल। दूसरा उन्होंने बताया की जन सुराज देश का पहला दल होगा जो Right to Recall (राइट टू रिकॉल) लागू करेगा। जनता ही अपना उम्मीदवार का चयन करेगी और उनको मध्य कार्यकाल में ही हटाने का अधिकार भी जनता के पास होगा। इसी के साथ में उन्होंने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए ऐलान किया कि जन सुराज ने चुनाव आयोग को अपने आधिकारिक झंडे के लिए आवेदन किया है उसमे महात्मा गांधी के साथ-साथ बाबा साहेब अंबेडकर का भी चित्र होगा। उसके बाद जन सुराज के पहले कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप बिहार से बिहारी को दूर कर सकते हैं पर उनके दिल से बिहारी मानसिकता को नहीं निकाल सकते हैं। उन्होंने उत्तर बिहार में आए बाढ़ पर चिंता व्यक्त की और कहा कि जन सुराज यह सुनिश्चित करेगा कि जो नदियाँ बिहार के लिए अभिशाप बन गई हैं, उन्हें जन सुराज वरदान बना सके। अपने राजनयिक जीवन का उदहारण देते हुए उन्होंने कहा कि जब वह किसी विदेशी नेता या राजनयिक को तोहफा देते थे तो वह मधुबनी की चित्रकला, भागलपुर का सिल्क, आदि होता था। जन सुराज को उन्होंनें एक ऐसी पार्टी बताया जो गहन अध्ययन करने के बाद ठोस निर्णय लेती है। प्रशांत किशोर और मनोज भारती के साथ-साथ नालंदा विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी केसी सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता वाई बी गिरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र यादव, पूर्व सांसद मोनाजीर हसन, रामबली चंद्र वंशी ने भी जनता को संबोधित किया।

# बेतिया के 8 प्रखंड के 70 गांव में बाढ़ 30 हजार की आबादी प्रभावित

## जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली कई सड़कों पर बह रहा पानी





**बेतिया,एजेंसी।** बेतिया के आठ प्रखंड के 70 गांव बाढ़ के चपेट में है। इन आठों प्रखंड के करीब 30 हजार की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। लोग घरों से निकल ऊंचे स्थान पर पलायन करने को मजबूर हैं। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मदद पहुंचाई जा रही है। गंडक दियारा इलाके में एसडीआरएफ की चार टीम भी तैनात की गई है। ताकि दियारा के इलाके में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके। वहीं इधर सोमवार की देर रात बेतिया से लेकर चखनी गांव तक फैला चंपारण तटबंध से जुड़ा पीड़ी रिंग बांध बैरिया के नीतीश नगर के समीप ध्वस्त हो गया है। इससे चार पंचायतों के साथ लगभग दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बांध टूटने के कारण आसपास के क्षेत्रों में पानी का तेज प्रवाह हो गया है। जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इधर बेतिया-नरकटियागंज, लौरिया-नरकटियागंज, लौरिया - रामनगर, नरकटियागंज-मैनाटांड़ और बेतिया-मैनाटांड़ मुख्य मार्ग पर 4 से 5 फिट पानी बह रहा है। तो वहीं कई सड़क के बीचों-बीच बना डायवर्सन भी बाढ़ की भेंट चढ़ चुका है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर सड़क पार कर रहे हैं। बेतिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग स्थित सतवरिया लचका पर बाइक चालकों से गाड़ी पार कराने के नाम पर अवैध उगाई हो रहा है। लेकिन उसे देखने वाले कोई नहीं है।

**इससे पहले 2008 में आया था इतना पानी :** वहीं ग्रामीणों का कहना है कि नेपाल में हुई बारिश और गंडक बराज से अधिक मात्रा में पानी डिस्चार्ज किए जाने के बाद पूरा गांव टापू बना हुआ है। नरकटियागंज प्रखंड के गौरीपुर मंझरिया गांव का संपर्क अनुमंडल मुख्यालय नरकटियागंज टूट गया है। जिससे गौरीपुर और मंझरिया गांव के लोग गांव में ही फंसे हुए हैं। 12 सौ आबादी वाले इस गांव के लोग को निकलने के लिए नाव ही एकमात्र सहारा है। बिना-खाए घरों के छान (छप्पर) पर रह रहे हैं लोगवहीं योगापट्टी, बैरिया और नौतन प्रखंड के दियारा इलाके में रविवार की शाम आई बाढ़ में खुटवनिया जलरपुल, सिसवा मंगलपुर, नवलपुर, ढढ़वा, चमुखा, हरपुर मुजौना, बैजुआ, सुर्यपुर, उत्तरी पटजिरवा तथा मंगलपुर काला पंचायत के दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया। हालांकि प्रशासन की ओर से रेस्क्यू अभियान चलाकर बाढ़ में फंसे लोगों करीब 500 लोगों को रविवार देर रात तक निकल लिया गया है। हालांकि अभी लोगों गांवों में फंसे हुए हैं। पिछले 48 घंटे से उनके घर के चूल्हे नहीं जले है। सभी लोग बिना खाए अपने परिवार के साथ घरों के छान पर रह रहे हैं। हालांकि अब प्रशासन उनके रेस्क्यू कर बाहर निकल रही है।इन्हें गांवों में है पानीनरकटियागंज प्रखंड के गौरीपुर, मंझरिया, दहड़वाटोला, गांव में बाढ़ का पानी घुसा है। वहीं नरकटियागंज बलथर रोड़ पर 2 से 3 फीट पानी बह रहा है। वहीं मैनाटांड़ प्रखंड के इनरवा बाजार और खम्हिया गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

योगापट्टी प्रखंड के सिसवा मंगलपुर, सिसवा खापटोला, सिसवा मंधातापुर, बैसिया गांव प्रभावित है। जबकि लौरिया प्रखंड के तेलपुर पश्चिम टोला, दक्षिण टोला, नुनियवाटोला, दुबौलिया, मौलानगर, जिरिया गांव में बाढ़ का पानी घुस गया है। वहीं गौनाहा प्रखंड के रुपवलिया, मंगुराहा नयकाटोला, उरांव बस्ती, हरकटवा, हरपुर, माधोपुर, बेलवा, कोरा लछनौता, मुरली भरहवा, मरजदी मरजादपुर गांव में बाढ़ का पानी है। जबकि बैरियर प्रखंड के कोलवा घाट, मचईया, श्रीनगर, बैजुआ, घोड़ईया, सिंघइ कोईर पटी, लौकरिया, आशाराम पटखौली में बाढ़ का पानी घुस गया है।



## बस ने 3 को रौंदा, एक को 200 मीटर घसीटा,मौत, गुस्से में लोगों ने गाड़ी को लगाई आग

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में मंगलवार रात एक बस ने बाइक से जा रहे तीन युवकों को रौंद दिया। इनमें 2 भाई और तीसरा दोनों का दोस्त था। धक्का मारने के बाद बस ने छोटे भाई को 200 मीटर तक घसीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोस्त की इलाज के दौरान जान चली गई। बड़े भाई की हालत गंभीर है। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव निवासी राज नारायण सिंह का बेटा सन्नी कुमार (18) है। और शंभू सिंह का बेटा टाइगर कुमार (22) शामिल हैं। जबकि सन्नी का बड़ा भाई गौतम कुमार (22) घायल है, उसका आरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों अपने किसी रिश्तेदार के यहां से लौट रहे थे। घर पहुंचने से पहले समोसा खाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने बस में आग लगा दी। एक्सीडेंट के बाद बस के यात्री इधर-उधर भागने लगे। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव स्थित होटल के सामने की है।

### पुलिस ने बुलाई दमकल की टीम

वहीं सूचना पर जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, बिहिया थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, शाहपुर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने लगे। इसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम को फोन कर बुलाया। टीम के आने के बाद आग बुझाई गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के पिता राज नारायण सिंह ने बताया कि मौसा हरे राम सिंह को नाती हुआ था। मंगलवार की शाम वह तीनों बाइक से मिठाई खाने गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शतरंज प्रतियोगिता के विजेता को किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** प्रथम श्यामनंदन सहाय कॉलेज इनडोर खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गई। खेल निदेशक सन्नी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुबोध कुमार सिन्हा ने शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे स्मृति राजेश कुमार को गोल्ड मेडल और ट्रॉफी, दूसरे स्थान पर रहे अमन राज को मेडल व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। वहीं लूडो में मुन्ना, सौम्या व राजा क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कैरम में मनीष प्रथम, प्रियंका द्वितीय व अमन राज तृतीय स्थान पर रहे।

### धोखाधड़ी कर लाखों रुपये गबन का लगाया आरोप

**भागलपुर,एजेंसी।** पीरपैंती थाना में रजनी देवी नामक महिला, बसंतपुर ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में सोनी देवी नामक महिला पर 25 महिलाओं से फाइनेंस कंपनी और बैंक कर्मचारी के साथ मिलकर लाखो रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। उक्त महिला ने हम सभी महिलाओं से कहा कि आप लोग ऋण के कागजात पर दस्तखत कीजिए तथा बैंक से पैसा उठाकर फाइनेंस कंपनी कर्मचारी को पांच प्रतिशत कमीशन दे दीजिए, शेष पैसा मुझे दे दीजिए, मेरा बहुत बड़ा बिजनेस है। मैं सभी के लॉन का किस्ती चुकाऊंगी तथा उससे जो मुनाफा होगा उससे सबका पक्का का मकान बनवा दूंगी। इसी झांसा में आकर हम सभी ने दस्तखत कर दिए और ठगी के शिकार हो गए। लगभग तीस लाख रुपये से भी अधिक गबन का मामला बताया जाता है। पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया की प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जो साक्ष्य आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### गांधीवाद विपरीत परिस्थिति में दिखाता नई दिशा

**दरभंगा,एजेंसी।** डॉ. जाकिर हुसैन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती की पूर्व संध्या पर वर्तमान संदर्भ में गांधीवादी शिक्षा की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यानमाला हुई। लनामिवि के उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि गांधीवाद एक ऐसा मार्ग है जो हर विपरीत परिस्थिति में नई दिशा दिखाता है। कार्यक्रम में सचिव डॉ. शरीक हुसैन, प्राचार्य सह एजुकेशन डीन डॉ. एम हसन, डॉ. अफाक हाशमी, डॉ. अबसारुल हक, डॉ. इरतिजा अहमद, केशव नंदन, साहिबा कुलसुम, डॉ. इम्बेसातुल हक आदि थे।

## चिराग ने बाढ़ पीड़ितो को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**सहरसा,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कोसी नदी के बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मिलकर सरकार द्वारा हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने पीड़ितों के बीच अपने साथ लाए राहत सामग्रियों का भी वितरण किया। मंगलवार की सुबह ईटू स्पर घाट पर पहुंचे मंत्री नाव के सहारे केदली पंचायत के बाढ़ प्रभावित गांव पहुंचे। सरकारी स्तर से मिली मदद के बारे में लोगों से जानकारी लेते हुए उन्होंने नाव परिचालन में तेजी लाने सहित पोलीथीन सीट उपलब्ध कराने का निर्देश सीओ को दिया। कोसी पूर्वी तटबंध के विभिन्न जगहों पर क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर विभागीय अधिकारियों को मरम्मत का निर्देश दिया। 74.40 स्पर के समीप बाढ़ के दौरान बेघर हुए परिवारों से मिलकर प्रशासन से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। साथ में मौजूद एसडीओ प्रदीप कुमार झा द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रही सरकारी स्तर से सामुदायिक रसोईघर संचालन व पोलीथीन वितरण को लेकर चर्चा करते हुए अन्य सुविधा उपलब्ध कराने में तेजी लाने की बात कही गई। मंत्री के साथ लोजपा के पूर्व प्रत्याशी अब्दुल रज्जाक, पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम सहित अन्य थे।

## रोड नहीं, तो वोट नहीं से हरकत में आई नीतीश सरकार, मतदान बहिष्कार वाले इलाकों में बनेंगी सड़कें

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** सड़क के लिए वोट बहिष्कार की घटनाओं को बिहार की नीतीश सरकार ने गंभीरता से लिया है। सूबे के सभी जिलों से सड़क के कारण चुनाव के समय मतदान का बहिष्कार करने वाली बसावटों की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही सड़क से वंचित बसावटों की भी सूची तैयार की जा रही है।

सरकार इन स्थानों पर सड़कें बनाने और दुरुस्त करने की तैयारी कर रही है। दरअसल, चुनाव में कई जगहों पर मतदाता सड़क न होने होने पर मतदान का बहिष्कार कर देते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भी राज्य के विभिन्न जिलों में कई बूथों पर मतदाताओं ने सड़क की मांग को लेकर वोट का बहिष्कार किया था। ग्रामीण कार्य विभाग ने सड़क के लिए वोट बहिष्कार की घोषणा करने वाले स्थानों की सूची जिलों के डीएम से मांगी है। ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी डीएम को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में उन्होंने कहा है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के समय 'रोड नहीं, तो वोट नहीं' की बात कहकर स्थानीय जनता वोट का बहिष्कार करती है। विगत दिनों हुए चुनाव में भी इस तरह के कई मामले संज्ञान में आए हैं। सड़क संपर्क से वंचित ऐसी बसावटों को अब प्राथमिकता के आधार पर बारहमासी सड़क से जोड़ा जाएगा। इस संबंध में विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है।



### मुजफ्फरपुर में भी कई बार लोग जता चुके हैं विरोध

जिले में सड़क के अलावा पुल के लिए भी लोगों ने वोट बहिष्कार की घोषणा की थी। कुछ स्थानों पर घोषणा के बाद कार्यवाही भी हुई, लेकिन अधिकांश जगह स्थिति जस की तस है। पिछले लोकसभा चुनाव में गायघाट के मधुरपट्टी में पुल की मांग को लेकर लोगों ने वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी। वहां नाव हादसे में दर्जनभर लोगों की जान चली गई थी। इसके अलावा, औराई की मधुरापुर बुजुर्ग पंचायत के सुंदरखौली, घनश्यामपुर पंचायत के तकिया टोला, कटरा के डुमरी में चंगेल पंचायत, गायघाट की ही धोबौली व मैठी पंचायत में पुल की मांग को लेकर वोट बहिष्कार की चेतावनी दी जा चुकी है। सकरा में पिपरी चौक से गन्नीपुर बेझा और सबहा से मरीचा सड़क के लिए वोट बहिष्कार की चेतावनी लोगों ने जारी की थी।

## मुंगेर में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा:बाढ़ की आड़ में कर रहे थे धंधा, हथियार बनाने वाले 2 लोग गिरफ्तार



**मुंगेर,एजेंसी।**मुंगेर की मुफस्सिल थाना पुलिस ने सोमवार को मिर्जापुर बरदह दियारा क्षेत्र में अवैध तरीके चल रहा मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान सदर डीएसपी ने जानकारी दी। वहीं छापेमारी के क्रम में पुलिस ने तीन मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए घटना स्थल से 3 बेस मशीन, एक ड्रिल मशीन, अर्ध निर्मित पिस्टल 6, लोहे का बैरल 05, हथौड़ी, लोहे का फार्मा, अर्द्ध निर्मित मैगजीन, हैक्सा ब्लेड, सरेस कागज, बर्मा, रेती, स्प्रिंग, ट्रीगर, मोबाइल सहित अन्य समानों को बरामद किया है। जबकि इस दौरान पुलिस ने दो हथियार बनाने वाले कारीगर मिर्जापुर बरदह गांव निवासी मो. इम्तियाज और मो. हसनैन उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया गया है।

जबकि अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि अभी बाढ़ के कारण पुलिस को शक न हो इसे लेकर तस्कर गंगा किनारे जहां से पानी निकल गया था। उसी जगहों पर पेड़ के नीचे हथियार बनाने का कारोबार किया जा रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस के द्वारा पहले इसका सत्यापन किया गया। जिसके बाद एसपी को इसकी जानकारी दी गई। जिसके बाद एसपी सैयद इमरान मसूद ने सदर डीएसपी राजेश कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार, जिला आसूचना इकाई टीम के अलावा थाना के सभी पुलिस अधिकारी और जवान नाव के माध्यम से घटनास्थल तक गए। पुलिस को आते देख सभी हथियार तस्कर भाग गए जबकि दो कारीगर सामान को लेकर नाव पर चढ़ने वाले थे तभी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। अन्य सभी फरार हो गया। वहीं छापेमारी में एसआई श्रीराम, एसआई नीतीश कुमार, एसआई दीपक कुमार सिंह सहित थाने के पुलिस जवान मौजूद थे। मिनीगन फैक्ट्री के पास लगा था नावतस्करों के द्वारा आपात स्थिति में भागने के लिए जेनरेटर युक्त नाव को पहले से लगाया था जिस कारण पुलिस की भनक लगते ही अलग-अलग जेनरेटर वाली नाव पर सवार हो कर तस्कर भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि अभी चारो ओर बाढ़ का पानी है और दियारा क्षेत्र में पानी घटने के बाद एक जगहों पर सुखा स्थान था उसी जगहों पर तस्कर कुछ दिनों से हथियार बनाने का कारोबार कर रहे थे।

पुलिस को शक ना हो इसे लेकर हथियार तस्करों के द्वारा अपने आदमी को नाव के माध्यम से चारो तरफ लगाया गया था ताकी पुलिस अगर किसी तरफ से आए तो तस्करों को सबसे पहले इसकी सूचना मिल सके हुआ भी ऐसा ही जब पुलिस छापेमारी करने के लिए गई तभी तस्करों को पहले ही सूचना चल गया और भागने में सफल रहा।

## गोलीबारी में घायल व्यक्ति की मौत, आक्रोश में सड़क जाम

### परिवार को मुआवजा देने की मांग, घर के इकलौते कमाऊ सदस्य की हत्या

**बेगूसराय,एजेंसी।** चकिया थाना क्षेत्र के गंगा प्रसाद गांव में 7 सितम्बर को गोली लगने से घायल हुए युवक की आज आईजीआईएमएस पटना में इलाज के दौरान मौत को। मृतक गंगा प्रसाद गांव के वार्ड संख्या-14 निवासी शंकर ठाकुर का पुत्र पंकज ठाकुर है। मौत के बाद देर शाम शव गांव आते ही आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। सड़क जाम कर रहे लोग मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पंकज को दो छोटी बेटियां और दो बेटे हैं। पंकज की कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण होता था। सैलून चलाकर घर चलाता था मृतक के परिजनों ने बताया कि पंकज ठाकुर गांव में ही सैलून चला अपने घर का भरण-पोषण कर रहा था। सात सितम्बर की शाम में पंकज ठाकुर का गांव के ही वार्ड नंबर-15 निवासी राघो सिंह के पुत्र अजय सिंह से किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसमें दोनों के बीच मारपीट हुई थी। इसके बाद अजय सिंह ने पंकज ठाकुर को गोली मार घायल कर दिया था। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन स्थिति गंभीर रहने के कारण पटना रेफर कर दिया गया था। मौत के बाद बदहवास पत्नी रो-रो कर कह रही थी कि अब उनका घर कैसे चलेगा, उनकी दोनों बेटियों की शादी कैसे होगी। इस संबंध में चकिया थानाध्यक्ष नीरज कुमार चौधरी ने बताया कि घटना के पांच दिन बाद ही आरोपी अजय सिंह ने सरेंडर कर दिया है। मांग के संबंध में कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारी को सूचना दी गई है।

## समस्तीपुर में 1 माह के अंदर 734 को भेजा जेल: बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस चला रही अभियान



### हत्या मामले में 16 धराए

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर जिले में सितंबर महीने में 734 लोगों को विभिन्न मामलों में जेल भेजा गया। जेल भेजे गए लोगों में हत्या के 16 व हत्या के प्रयास के 21 लोगों को जेल की हवा खानी पड़ी। समस्तीपुर के नए एसपी अशोक मिश्रा की ओर से जारी रिपोर्ट कार्ड में बताया गया है कि बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर स्पेशल ड्राइव चलाए जा रहे हैं।

इस ड्राइव के तहत सितंबर महीने में कुल 734 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में हत्या के मामले में 16 जबकि हत्या के प्रयास के मामले में 21 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। लूट कांड में 12, शस्त्र अधिनियम कांड में 29 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### 7552 लीटर शराब बरामद 75 गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि जिले में शराब तस्करी को लेकर भी जिला पुलिस की टीम सदस्य धड़पकड़ अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत सितंबर महीने में शराब के विभिन्न मामलों में 75 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि इस दौरान विभिन्न स्थानों की पुलिस ने 7552.805 लीटर विदेशी शराब बरामद की। जबकि 406 लीटर देसी शराब और चार लीटर बीयर बरामद की गई ।

### 426 वारंट का हुआ निष्पादन

बताया कि 426 वारंट का निष्पादन किया गया जबकि 12 फरार लोगों के विरुद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई। 380 वाहनों से 4.15 लाख रुपए की वसूल भी की गई। एसपी ने बताया कि अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों की पुलिस ने 16 देसी हथियार के साथ ही 20 कारतूस, 4 खोखा, 2 मैगजीन और 29 मोबाइल फोन बरामद किए। उन्होंने बताया कि जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी है।

## ट्रक-कार की टक्कर में शख्स की मौत :ट्रक चालक हुआ फरार



**मोतिहारी,एजेंसी।** भारत नेपाल को जोड़ने वाली आईसीपी बाईपास रोड में ट्रक और कार की भीषण टक्कर में कार चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़ कर वहां से फरार हो गया। मृतक की पहचान रक्सौल के तुमरियाटोला वार्ड संख्या 1 निवासी बागेश्वरी प्रसाद के पुत्र 55 वर्षीय अन्नू कुमार सिंह के रूप में हुई है। सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर अन्नू सिंह को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने बताया कि ये एक शिक्षक थे। घर का भरण पोषण करने वाला ही चला गया। वही इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया गांधी जयंती

**महात्मा गांधी के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाया गया**

**चा० भूमि योगापट्टी।** प्रखंड के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर 5 के राजकीय बुनियादी विद्यालय में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया गांधी जयंती गाधी जयंती के शुभ अवसर पर शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा महात्मा गांधी के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर गांधी जयंती मनाया गया। महात्मा गांधी के विचारों पर चलने के लिए बच्चों की प्रेरणा दी गई महात्मा गांधी के जैसा बच्चे बने। महात्मा गांधी राष्ट्रपिता अपने कर्मों पर कहलाए। अंग्रेजों के साथ लंबी संघर्ष करने के बाद अपने देश की आजादी मिली थी महात्मा गांधी बच्चों को प्रेरणा दिए हैं की आधी रोटी खाएंगे फिर भी पढ़ने जाएंगे विद्यार्थियों में महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर जय घोष किया। प्रधानाध्यापक वाशी अख्तर महात्मा गांधी के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाई साथ-साथ सहायक शिक्षकों ने फूल माला चढ़ाकर बच्चों को पढ़ाई करने की प्रेरणा दिए। शिक्षक अंशु सर महात्मा गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर बच्चों को महात्मा गांधी की मार्ग पर चलने की प्रेरणा दीए । छात्रा स्नेहा कुमारी पलक कुमारी नंदनी कुमारी दीक्षा कुमारी संजना कुमारी रानी कुमारी शालू कुमारी अनुराधा कुमारी अर्चना कुमारी मीरा कुमारी सहितशिक्षिका कुमारी निशकांत वरिय शिक्षक रामविलास राउत हीरालाल सर नंद प्रकाश सर। मौके पर मौजूद रहे।

### तेजस्वी ने CM-PM को 2008 बाढ़ की दिलाई याद, कहा- लालू ने 1 हजार करोड़ की सहायता दिलाई थी

**पटना।** बिहार में बाढ़ पर सियासत होने लगी है। राज्य में बाढ़ के कहर पर, जहां विपक्ष सरकार को घेर रही है। वहीं नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव के विदेश दौरे पर सत्ता पक्ष भी उनसे सवाल पूछ रहा है। आज एक बार फिर से तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट X पर एक पोस्ट पर PM और CM पर निशान साधा है। नेता प्रतिपक्ष ने पोस्ट करते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री जी, क्या आपको याद है ? प्रधानमंत्री जी, क्या आपको पता है कि बिहार भारत में है ? में बिहार में आई बाढ़ को याद कीजिए। तब केंद्र में की सरकार थी। कांग्रेस के बाद केंद्र में दूसरी सबसे बड़ी और शक्तिशाली पार्टी राजद और उनके नेता तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद के आग्रह पर प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के सर्वेक्षण पर बिहार आए थे। केंद्र से तत्काल हजार करोड़ की विशेष सहायता राशि बिहार को दिलाई थी। वहीं उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव अगर आप भारत के सरजमीं से पोस्ट करेंगे तो समझ में आता है। विदेश में रहकर पोस्ट करने से क्या फायदा। आप अपने पोस्ट में मनमोहन जी की चर्चा कर रहे हैं। आप उस समय से थोड़ा पहले जाइए 2004 में जब आपकी माताजी मुख्यमंत्री थी। उस समय बिहार में बहुत बड़ा बाढ़ राहत घोटाला हुआ था। आप तो यही चाहते हैं कि बिहार में बाढ़ आए और घोटाला होते रहे। प्रधानमंत्री ने बिहार में बाढ़ के लिए बजट में ही प्रावधान कर दिया है। बिहार में आकर काम करिए विदेश में रहकर बयान मत दीजिए। X बयान देकर लोगों को भ्रमित मत करिए।

### आदित्य मल्टीकॉम के CA को ED ने किया गिरफ्तार, अवैध बालू खनन मामले में एक्शन

**पटना।** अवैध बालू खनन मामले में ED ने बड़ी कारवाई की है। ED ने आदित्य मल्टीकॉम के CA जयनारायण गुप्ता को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार इसके पास से 35 लाख कैश भी बरामद हुआ है, जो इसके ठिकाने से मिले हैं। इसे कोलकाता के वाटरलू स्ट्रीट स्थित ऑफिस से पकड़ा गया है। जय नारायण गुप्ता से शुरुआती पूछताछ हुई थी। उसके ठिकाने से बरामद कैश के बारे में सवाल पूछे गए। कैश के बारे में सही जानकारी नहीं देने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही कैश को जब्त कर लिया गया था। ED की सूत्रों के अनुसार CA जयनारायण गुप्ता आदित्य मल्टीकॉम कंपनी का पूरा फाइनेंशियल बिजनेस देखता है।

### पूर्व MLC सुनील सिंह के घर पुलिस ने चिपकाया वारंट, गिरफ्तार करने की तैयारी में पटना पुलिस

**पटना।** राजद के पूर्व MLC और लालू परिवार के बेहद करीबी सुनील सिंह के घर पुलिस ने वारंट की कॉपी चिपकाया है। इसकी जानकारी पटना SSP राजीव मिश्रा ने दी है। अब पुलिस सुनील सिंह को गिरफ्तार करने की तैयारी में है। गिरफ्तारी ना होने पर पुलिस कोर्ट में कुर्की के लिए आवेदन करेगी। पूर्व MLC पर 19 साल पुराने धोखाधड़ी के मामले में पटना सिटी कोर्ट की ओर से इश्तेहार वारंट जारी किया था। मामला फतुहा थाना से जुड़ा हुआ है। पटना पुलिस ने वारंट की कॉपी सुनील सिंह के पटना स्थित फ्लैट पर चिपकाया है। अब पुलिस किसी भी समय उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। दरअसल, 2005 में सुनील सिंह पर लेन-देन में हेराफेरी का आरोप लगा था। इसके बाद फतुहा थाने में केस दर्ज कराया गया था। इसको लेकर कोर्ट ने सुनील कुमार सिंह को हाजिर होने को कहा गया था, लेकिन वो कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है। पटना सिटी न्यायिक दंडाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अदालत ने इश्तेहार वारंट जारी किया है। सुनील सिंह, लालू परिवार के बेहद करीबी माने जाते हैं। सुनील सदन के भीतर से लेकर सदन के बाहर भी विरोधियों पर जमकर जुबानी हमला भी करते हैं। MLC रहते सुनील सिंह ने सदन के अंदर राबड़ी देवी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मिमिक्री की थी। इसके बाद विधान परिषद की अनुशासन समिति ने इसकी जांच की। जांच में सुनील कुमार को दोषी पाया गया था, जिसके बाद उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इसके बाद सुनील सिंह ने बयान दिया था कि मुख्यमंत्री के दबाव में मेरे खिलाफ कार्रवाई की गई है। मुझे सदन में बोलने भी नही दिया गया। मिमिक्री करना कोई अपराध नहीं है।

### 2400 मेगावाट बिजली होगा उत्पादन

**पटना।** बिहार में पहली बार अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (यूएससी) तकनीक पर आधारित बिजली यूनिट नबीनगर थर्मल पावर प्लांट में लगेगी। इसके निर्माण के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने कहा कि नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का विस्तार हो रहा है। स्टेज-2 में 2400 मेगावाट के लिए 800 मेगावाट की तीन इकाइयां लगाने की योजना है। ये सभी इकाइयां यूएससी तकनीक पर आधारित होंगी। यह बिहार में ऐसा पहला बिजली संयंत्र होगा। अबतक इस तकनीक पर तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में बिजली उत्पादन हो रहा है। नबीनगर के स्टेज वन में 660 मेगावाट की तीन यूनिट लगी हैं। स्टेज टू को बनाने के लिए टेंडर किया गया है। इसमें 800 मेगावाट की तीन यूनिट होगी। इससे 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इसकी 85 फीसदी बिजली बिहार को मिलेगी। यह तीन साल में बनकर तैयार होगा। एनटीपीसी ने अपने पूर्वी क्षेत्र-1 की इकाइयों, सहायक कंपनियों तथा संयुक्त उद्यम के द्वारा इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में 37387 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। इसके साथ ही एक नया रिकॉर्ड बनाया है। अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (यूएससी) तकनीक से कोयले की क्षमता बढ़ती है। सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित यूनिट से बनने वाली बिजली में जितनी कोयले की खपत होती है, उतने कोयले से अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक आधारित यूनिट से करीब 12% बिजली का उत्पादन बढ़ जाता है। 23 सितंबर को बिहार में 8005 मेगावाट बिजली की खपत हुई। यह अबतक का सबसे अधिक है। इस दौरान एनटीपीसी ने दो-तिहाई से अधिक 5434 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के प्रवक्ता विश्वनाथ चंदन ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा सहित कुल 6726 मेगावाट बिजली दी जा रही है। इसमें एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 से 5107 मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो रही है।

### 25 को मतदाता सूची का होगा प्रकाशन, पैक्स चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का समय दो दिन बढ़ा

**पटना।** पैक्स चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का समय दो दिन बढ़ा दिया गया है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने गुरुवार तक मतदाता सूची तैयार करने का नया कट-ऑफ डेट जारी किया है। पहले 30 सितंबर तक मतदाता सूची तैयार करनी थी। यह जानकारी प्राधिकार के सचिव पुरूषोत्तम पासवान ने दी।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे दोनों, ड्राइवर गिरफ्तार**

**एजेंसी, पटना।**

पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र के बिहटा सरमेरा स्टेट हाईवे 78 पर कर्णपुरा गांव के नजदीक मंगलवार की देर रात तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने दो युवकों को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बोलेरो का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया है। नौबतपुर थाना प्रभारी रजनीश कुमार केसरी ने बताया कि मृतक पहचान सुजीत कुमार (30) और अमेरिकन राम (40) के रूप में हुई है, जो मंगलवार की देर रात एक बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे। पुलिस ने दोनों युवक के शव को अपने कब्जे में



लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

**बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे दोनों:** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि विक्रम के बलियारी गांव के सुजीत कुमार और अमेरिकन राम मंगलवार की देर रात अपनी मोटरसाइकिल से एक बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बिहटा सरमेरा स्टेट हाईवे पर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान पश्चिम दिशा से तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को कुचल दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि बोलोरो गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी। दुर्घटना के बाद बोलोरो गाड़ी के आगे का भाग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## CM आवास से 500 मीटर दूरी पर चेन स्नैचिंग

**एजेंसी, पटना।**



♦ **बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, CCTV फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस**

पटना सचिवालय थाना क्षेत्र में मंगलवार को वॉक पर निकली महिला से चेन स्नैचिंग की घटना हुई है। घटना सीएम आवास से महज 500 मीटर दूर हुई। इसके बाद पीड़ित महिला ने सचिवालय थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पटना के बेऊर थाना क्षेत्र के शिवपूरी की रहने वाली रेखा देवी ने सचिवालय थाने में आवेदन दिया है। रेखा ने बताया कि मंगलवार सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी। इसी बीच उनके एक रिश्तेदार का फोन आ गया। उसी रिश्तेदार से मिलने बेली रोड स्थित पंचमुखी मंदिर गई। कुछ देर रुकने के बाद लगभग दिन के 9 बजे वापस जा रही थी। जैसे ही महिला सीएम आवास पर कर आगे बढ़ी कुछ ही दूर चलने के बाद बाइक सवार दो बदमाश आए और चेन छीन कर चितकोहरा की तरफ भाग गए। इसके बाद सचिवालय थाना में मामला दर्ज कराया गया है। सचिवालय थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि महिला के आवदेन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामला दर्ज होते ही घटनास्थल के आसपास के इलाके में लगे CCTV फुटेज को खंगाल जा रहा है। ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। पहचान होते ही अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी जाएगी। पटना SSP राजीव मिश्रा खुद लगातार सुबह और शाम निकल कर थानों की पेट्रोलिंग कर रहें हैं। उन्होंने कई थानों को पेट्रोलिंग पर जोर देने का निर्देश भी दिया है। इसके बावजूद VVIP जगह पर ऐसी घटना सामने आई है।

## 83 पुड़िया गांजा और सिगरेट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।**



पटना और उसके आसपास के इलाकों में आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम नशा के सौदागरों पर लगातार कार्रवाई करते दिख रही है। पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 83 पुड़िया गांजा और 5 पैकेट सिगरेट में भरे गांजा जब्त किया है। टीम ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के छावनी परिषद के ऑटो स्टैंड में गांजा और अन्य नशीली पदार्थ का कारोबार चल रहा है। बड़ी मात्रा में गांजा और अन्य मादक नशीली सामानों की खरीद-बिक्री की जा रही है। इसके बाद टीम गठित कर स्थानीय पुलिस के सहयोग से उक्त जगह पर छापेमारी की गई, जहां से टीम ने एक तसकर को 83 पुड़िया गांजा, 5 पैकेट सिगरेट में भरे गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान लालकोठी निवासी नियाज़ खान के बेटे सोनू खान के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर 6 महीनों से आर्मी इंटेलिजेंस की रडार पर था। गिरफ्तार सोनू खान को आर्मी इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम ने आगे की करवाई करते हुए दानापुर थाना को सौंप दिया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। इसके साथ ही यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर यह गांजा कहां से लाता था।

# निगम ड्राइवर के साथ नशे में आरोपियों ने की मारपीट, SUV सवार 6 लोगों ने किया हमला

**एजेंसी, पटना।**

मंगलवार की देर रात शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के पटना जू गेट नंबर एक के पास जमकर मारपीट हुई। इस दौरान नगर निगम के ड्राइवर पप्पू कुमार घायल हो गए। पप्पू ने हिसुआ विधायक नीतू कुमारी के 6 समर्थकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस विधायक ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। नीतू कुमारी का कहना है कि मेरे आवास के सामने मारपीट हुई। एक पक्ष का आरोप था कि आरोपी मेरे आवास में घुसे हैं। मैंने पुलिस को घर की तलाशी लेने की भी बात कही। वहीं घटना के बाद 200 की संख्या में लोग मेरे आवास पर पहुंच गए। घायल ड्राइवर का कहना है कि सभी नशे में धुत्त थे। SUV के अंदर शराब पार्टी चल रही थी। गाड़ी की सीट पर चखना और शराब की बोतल भी रखी हुई थी।

**मारपीट के बाद पीछा भी किया:** ड्राइवर पप्पू कुमार ने बताया कि रात में मैं जू के पास कूड़ा उठा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से एक कार



आई और गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कुछ दूर आगे बढ़ी फिर लौटकर आई और टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी से 6 लोग निकले। सभी गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। इसके बाद जान बचाने के लिए निगम के ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भागने लगा। सभी आरोपी भी अपनी गाड़ी छोड़कर पप्पू का पीछा करने लगे। भागते-भागते पप्पू देर रात शास्त्रीनगर थाने पहुंचा, जिसके बाद

♦ **पीड़ित बोला- कांग्रेस विधायक के समर्थक थे आरोपी, MLA ने किया इंकार**

पीछा कर रहे सभी लोग हिसुआ विधायक नीतू कुमारी के आवास में घुस गए। थाना पहुंचने के बाद जब अपने दूसरे साथियों को घटना के बारे में जानकारी दी तो वो लोग भी देर रात वहां पहुंच गए। पुलिस भी मौके पर पहुंची।

**मेरे समर्थक नहीं थे, पुलिस जांच नहीं की:** पूरे मामले पर हिसुआ विधायक नीतू कुमारी ने कहा कि वो लोग मेरे समर्थक नहीं थे। उनलोगों का आरोप है कि मेरे घर में घुस गए। लेकिन मैंने जब पुलिस से कहा तो वो लोग चेक भी नहीं किए। ऐसा कोई मामला नहीं है।

**सम्राट चौधरी ने गांधी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

# डिप्टी CM बोले- अहिंसा, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है, किसी को भी झुकाया जा सकता है

**एजेंसी, पटना।**

दानापुर में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी तकियापर पहुंचे। उन्होंने गांधी जी के आदाकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपमुख्यमंत्री का काफिला तकियापर पहुंचने से पहले ही जाम में फंस गया। जिसे काफिले में मौजूद पुलिसकर्मियों ने निकला। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की।



**अहिंसा, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकतः** बापू के सत्य और अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। डिप्टी सीएम ने कहा कि सत्य और अहिंसा का जो मार्ग बापू ने दिखाया था। आज पूरी दुनिया उसका अनुसरण कर रही है। स्वच्छता मिशन का जो काम बापू का था। उसे धरातल पर उतरने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। स्वच्छता एक संकल्प है। देश के प्रधानमंत्री के लेकर एक आम व्यक्ति तक इससे जुड़ा हुआ है। अहिंसा, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर नमन कर रहा है।

**दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता हैः** बापू ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया था। जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता। इस मौके पर पूर्व विधायक आशा सिन्हा के साथ विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल, भाजपा नेता भाई सनोज यादव, रवि भूषण उर्फ बेला यादव, अखिलेश कुमार उर्फ मुटूर साल, मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी के साथ तमाम भाजपा के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक्टिव नहीं है पटना के चारों SP

**एजेंसी, पटना।**

**बिना नेम प्लेट की गाड़ी से निरीक्षण करने पहुंचे SSP**

पटना के चारों SP, सिटी SP (पूर्वी), सिटी SP (मध्य), सिटी SP (पश्चिमी), ग्रामीण SP एक्टिव नहीं है। पटना SSP सह DIG राजीव मिश्रा का कहना है कि नए अधीक्षकों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने और उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए मेरे द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। ताकि किसी भी मामले में जल्द कार्रवाई हो सके। SSP का कहना है कि अपेक्षा है कि चारों नए पुलिस अधीक्षक जो आए हैं, एक्शन लेने में सक्रियता दिखाएंगे, क्योंकि राजधानी होने के चलते छोटा-मोटा मामला भी यहां संवेदनशील हो जाता है। SSP ने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी SDPO और SP कम से कम किसी भी थाने पर प्रत्येक दिन बैठकर दो घंटे पेंडिंग मामलों की समीक्षा करें। वर्तमान समय में मीडिया में जो केस हाईलाइट्स हुए हैं, चर्चा में रहे हैं, उसे इन्वेस्टीगेट कर पूरा करें। दरअसल, पटना के नए पुलिस अधीक्षकों को सक्रिय बनाने के लिए DIG सह पटना के SSP राजीव मिश्रा लगातार औचक निरीक्षण और समीक्षा बैठक कर रहे हैं। मंगलवार की शाम अचानक SSP बिना नेम प्लेट की गाड़ी से कोतवाली थाने पर पहुंच गए। थाने पर लगभग 3 घंटे से भी अधिक समय बिताया। इस दौरान 20 वर्ष, 25 वर्ष उससे भी अधिक 30 वर्ष से लंबित पड़े 50 कांडों की समीक्षा की, जो कमी उन्होंने इस दौरान पाई। उसमें तेजी लाकर SDPO कृष्ण मुरारी प्रसाद को निर्देश भी दिए। सभी अधिकारियों को SSP ने 20 वर्ष पुराने लंबित मामलों को निपटाने का टारगेट रखा है। 20 वर्ष या उससे भी अधिक वर्ष से लंबित कांडों के निपटारे पर ध्यान देने के लिए SDPO और सभी SP को निर्देशित किया गया है। राजीव मिश्रा ने कहा कि ऐसे कांडों पर ध्यान देने की जरूरत है। SSP का कहना है कि अपेक्षा है कि चारों नए पुलिस अधीक्षक जो आए हैं, एक्शन लेने में सक्रियता दिखाएंगे, क्योंकि राजधानी होने के चलते छोटा-मोटा मामला भी यहां संवेदनशील हो जाता है।

# जिला प्रशासन ने देश के पूर्व प्रधानमन्त्री लालबहादुर शास्त्री को भुला दिया

**हालाँकि चंपारण में जिला प्रशासन ने महात्मा गांधी की जयंती को धूमधाम से मनाया परंतु "जय जवान जय किसान" के प्रणेता लाल बहादुर शास्त्री को भुला दिया**

**चा० भूमि, बेतिया**



2 अक्टूबर की तारीख राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के रूप में विख्यात है I बड़े ही उल्लास के साथ पूरा देश प्रत्येक वर्ष के 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का संयुक्त रूप से जयंती मनाता है I आजादी के लिए गांधी जी की कहानी की गाथा पूरा देश गाता है तो वहीं लाल बहादुर शास्त्री की साहस, ऊर्जा एवं उत्पादन की शक्ति बढ़ाने के लिए पूरे देश को एकीकृत कर देने के लिए उनकी दुर्लभ सोच की गाथाएं गाई जाती हैं I

1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के समय देश के जवानों का हौसला अफजाई करने के लिए उनके द्वारा दिया गया नारा "जय जवान"और कृषि की टूटती रीढ़ को खड़ा करने के लिए किसानों को जागृत और ऊर्जावांवित करने के लिए दिया गया नारा "जय किसान" जो संयुक्त रूप से "जय जवान जय किसान" है I शास्त्री जी का यह नारा तब तक अमर रहेगा जब तक यह ब्रह्मांड रहेगा I

वैसे व्यक्तित्व का जिला प्रशासन के द्वारा जयंती का आयोजन नहीं करना एक तरह से आश्चर्य है I प्रश्न उठता है कि क्या जिला प्रशासन में शास्त्री जी को भुला दिया है I जिला एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में शास्त्री जी का जिक्र ना होना खेदजनक है I जबकि पश्चिमी चंपारण की लगभग अधिकाँश शैक्षणिक संस्थानों में गांधीजी और शास्त्री जी की संयुक्त जयंती मनाई गई है I

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों के बीच किया पौष्टीक पोषाहार का वितरण

**गाँधी जयंती को यादगार बनाते हुए केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय टीम के देखरेख में हुआ पोषण पोटली का वितरण**

**चाणक्य भूमि मोतिहारी**



राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती 02 अक्टूबर एवं जिला स्थापना दिवस को यादगार बनाते हुए केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय टीम के देखरेख में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत क्यूब रूट्स फाउंडेशन के अधिकारियों के सहयोग से 150 टीबी मरीजों को गोद लेते हुए पौष्टीक पोषाहार के कीट का वितरण किया गया।मौके पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के सेन्ट्रल कोऑर्डिनेटर धर्मा राव ने बताया की भारत में 1 लाख 71 हजार से अधिक निक्षय मित्र 20 लाख से अधिक टीबी रोगियों के लिए मददगार बने है।उन्होंने कहा की टीबी मरीजों की सहायता में "प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना का अच्छा योगदान मिल रहा है। लोग निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों की मदद कर रहें हैं। टीबी मरीजों के समक्ष उपचार के दौरान होने वाले खर्च के अलावा पौष्टिक आहार की भी आवश्यकता आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तिओं को होती है ऐसे में उनके समक्ष उपचार और जीवन यापन एक चुनौती बन जाती है। मौके पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के सेन्ट्रल कोऑर्डिनेटर धर्माराव, राज्य स्वास्थ्य समिति के स्टेट प्रोजेक्ट ऑफिसर विकास कुमार, डब्लएचओ के राज्य प्रतिनिधि डॉ गौरव, जिला यक्षमा पदाधिकारी डॉ संजीव, नोडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, क्यूब रूट्स फाउंडेशन के रिजनल हेड संजय राय, स्नेही अग्रवाल, अमरेंद्र कुमार, वर्ल्ड विजन प्रतिनिधि जीतेन्द्र कुमार, सिफार प्रतिनिधि सिद्धांत कुमार व अन्य लोग मौके पर मौजूद थें।

**संक्षिप्त समाचार**

## सशस्त्र सीमा बल ने पांच किलोग्राम गांजा किया जब्त

**चाणक्य भूमि मधुबनी।** भारत/नेपाल बाह्य सीमा चौकी मधवापुर के इलाके से सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक कामयाबी मिली है। सशस्त्र सीमा बल के जवानों और स्थानीय पुलिस के सहयोग से मधवापुर के साथ की गई संयुक्त चैक पोस्ट ड्यूटी के दौरान निरीक्षक समवाय प्रभारी ऋषिकेश कुमार मधवापुर की अगुवाई में कार्यवाही के दौरान भारत/नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 295/02 से पांच मीटर भारतीय क्षेत्र के गांधी चौक के पास एक गाड़ी से पांच किलोग्राम गांजा को बरामद कर जब्त कर लिया गया है। बता दें कि तस्कर ने गाड़ी को छोड़कर नेपाल की तरफ भागने में सफल हो गया। आगे तस्कर की तलाशी जारी है। जब्त किए गए पांच किलोग्राम गांजा सहित गाड़ी को अग्रिम कार्यवाही हेतु मधवापुर थाने को सौप दिया गया है। बता दे भारत/नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल व जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है और मुस्तैदी से अवैध गतिविधियों पर नजर बनाकर रोका जा रहा है।

## नवरात्र से पहले जगदम्बा भवानी के मंदिरो का किया साफ -सफाई

**चा० भूमि योगापट्टी।** योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र में दशहरा के प्रारम्भ से पहले आदि शक्ति जगदम्बा भवानी के स्थानों एवं मंदिरो का ग्रामीणो द्वारा काया कल्प किया गया |दशहरा के अवसर पर नवलपुर माई का मंदिर एवं मंदिर के प्रांगण का साफ -सफाई, रंग रोगन और सजाया गया हैं मंदिर के प्रांगण को पंडाल लगाकर सजाया गया हैं जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी प्रसाद भगत ने बताया कि यहां नवरात्रि में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता हैं मेले में झूला, खेल तमासे, रामलीला, खिलौनो, तरह तरह की मिठाइयो और आदि वस्तुओ की दुकान भी लगाया जाता हैं |नवरात्रि में माता का दर्शन करने के लिए दूर दराज के श्रद्धालू आया करते हैं मेले में किसी प्रकार का दंगा फ़साद न हों उसके लिया पुलिस प्रशासन एवं कमेटी देख रेख करती हैं |इसी प्रकार पंचायत बलुआ भवानीपुर के परेगवा गांव में माता के मंदिर एवं प्रांगण कि साफ सफाई, साजो सजावट गांव के ग्रामीणों और कमिटी के सदस्यों द्वारा किया गया हैं | वार्ड सदस्य पति जितेंद्र कुशवाहा, रंतोष कुमार, शशिभूषण कुशवाहा और बृजेश प्रसाद ने बताया कि नवरात्र हिन्दुओं का महान त्यौहार हैं जिसमे नौ दिन लोग माता का पूजन एवं उपवास करते हैं नवरात्रि में पुरे नौ दिन गावों और शहरो में हर्षउल्लास छाया रहता हैं | इसी प्रकार पुरे प्रखंड में जगह जगह गावों और चौक पर माँ दुर्गा कि प्रतिमा नौ दिनों के लिए रखा जाता हैं |इसी क्रम में दिन बुधवार को चमेनिया बाजार से कलश यात्रा भी निकाला गया हैं |

## मझौलिया सुगर मिल कर्मी की डायरिया से मौत

**चा० भूमि मझौलिया।** मंगलवार की देर रात शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में कार्यरत स्विच बोर्ड अटेंडेंट राजेश्वर कुमार पांडेय (50) वर्ष की डायरिया से मौत हो गयी।दिन में उनकी तबियत बिगड़ी, परिजनों ने उन्हें बेतिया के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया।यहां डॉ. विजय मंगल देव ने उन्हें पीएमसीएच पटना रेफर किया।पटना जाने के क्रम में छपवा चौक पर उनकी मौत हो गयी।परिजन शव को लेकर वही से उनके पैतृक निवास रक्सौल के गम्हरिया शव लेकर चले गये।उन्होंने अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ा है।आकस्मिक मौत पर परिजनों में शोक है।

## दिनोंदिन बढ़ती जा रही है बापू की प्रासंगिकता

**चाणक्य भूमि मैनाटांड़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत आज और भी प्रसांगिक हो गये हैं। साथ ही उनकी कृति और महानता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसीलिए देश और दुनिया आज भी बापू के कायल हैं। उक्त बातें विधायक वीरेंद्र गुप्ता के है।वे प्रखंड के सबेया के एक विद्यालय में में आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 155 वीं गांधी जयंती के मौके पर बोल रहे हैं।उधर प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में भी गांधी जयंती मनायी गयी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बतायें गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। सरदार मंगल सिंह प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने कहा कि बापू के सदाचारी व्यक्तित्व के कारण ही उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि से विभूषित किया गया था। बापू के सद विचारों का अनुकरण ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महात्मा गांधी ने भारत के स्वाभिमान और अखंडता खातिर अपने आप को समर्पित कर दिया। महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने से भारत देश का विकास संभव है। वहीं बापू ने गांव गांव में लघु एवं कुटीर उद्योग का जाल बिछाया था। मौके पर राष्ट्रपिता के सम्मान में भजन भी गाये गये।मौके पर शिक्षक राजेश प्रसाद यादव, मोतीचंद, रामबाबू, नितीश्वरनाथ तिवारी, ललन राम , सोहराब अंसारी, अमित कुमार सहित शिक्षक ,शिक्षिका में और छात्रायें मौजूद रहीं।

## सेलेस्टियल इंटरनेशनल स्कूल में छात्र छात्राओं ने दिखाया अपना कौशल

» छात्र-छात्राओं ने पानी से बिजली उत्पादन, वाटर कूलर, एटीएम व हवा से बिजली उत्पादन आदि की लगाई प्रदर्शनी

**चा० भूमि वाल्मीकिनगर।** वाल्मीकिनगर में संचालित सेलेस्टियल इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयो की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम को आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को विज्ञान संबंधित हुनर को खुद से तैयार कर प्रदर्शनी लगाने का टास्क दिया गया था। बुधवार को छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में खुद से तैयार किए गए उपकरण की प्रदर्शनी लगा, अभिभावकों एवं अतिथियों को उसके बाबत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए उपकरण का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य अतिथि मंतोष कुमार यादव ने बारी-बारी से बच्चों द्वारा तैयार किए गए ज्वालामुखी, मानव शरीर की संरचना, गणित की संरचनाएं, एटीएम, वाहनों के आते ही स्ट्रीट लाइट का जल जाने की प्रक्रिया व हवा से बिजली उत्पादकता प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर विद्यालय के शिक्षकों को विज्ञान के प्रति छात्र-छात्राओं के रुचि को बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया। इस बाबत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीजो जॉन ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों द्वारा तैयार की गई विज्ञान की उपकरण का प्रदर्शन होता है। इसमें विज्ञान की अलग-अलग शाखाओं जैसे, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण और प्रौद्योगिकी से जुड़े मॉडल और प्रदर्शन शामिल होते हैं। इससे बच्चों के टीमवर्क समस्या समाधान और आलोचनात्मक सोच जैसे कौशल विकसित होते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सेलेस्टियल इंटरनेशनल स्कूल वाल्मीकिनगर में लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य मकसद, बच्चों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में रूचि बढ़ाना, छात्रों को नए तथ्यों और आविष्कारों के बारे में जानकारी देना, छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा का पता लगाना, छात्रों में अलग सोच विकसित करना तथा विज्ञान के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इससे बच्चों के अंदर विज्ञान और उससे आविष्कार करने में रुचि पैदा होगी। इन बच्चों का प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में रहा आकर्षण का केंद्र-: सेलेस्टियल इंटरनेशनल स्कूल में लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी में आयुष रंजन वर्ग 2- हवा से बिजली उत्पादन, नेहा कुमारी वर्ग 8- मानव पाचन तंत्र आस्था कुमारी वर्ग 8, मानव फेफड़े का विभिन्न हिस्सा और उसके कार्य, कृष कुमार, वायु चक्र एवं अमरेश कुमार द्वारा बनाए गए वॉटर प्यूरीफायर विज्ञान प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों द्वारा बनाए गए ज्वालामुखी को भी अभिभावकों एवं अतिथियों ने सराहा।

# बापू की जयंती पर पारा विधिक स्वयंसेवको ने की सफाई

चा० भूमि मझौलिया



जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चम्पारण के बैनर तले, पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता द्वारा स्वच्छता ही सेवा हैं कार्यक्रम अंतर्गत मझौलिया प्रखंड के रूलही, धर्मपुर, माधोपुर दलित बस्ती सहित क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा हैं कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करते हुए स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अपने आसपास गन्दगी न फैलाए, खुले में शौच करने से बचें, खाने पीने वाले वस्तु को खुले स्थान में न रखें, साबुन से हाथ साफ किये बिना कोई भी चीज न खायें, घर के आसपास पानी का जमाव, कूड़ा का जमााव नही रखें क्योंकि इससे बीमारी फैलती है।

अपने घर के कूड़ा करकट को इधर उधर फेकने के बजाए डस्तविन में डाले। उन्होंने कहा की अगर कोई गंदगी फैलाता है तो उसे समझाने की कोशिश करें, नियमित रूप से शौचालय का उपयोग करें, अगर को खुले स्थान में शौच करता है तो उसे फौरन मना करें। उन्होंने कहा कि सरकार हर गरीब, असहाय व जरूरतमंदों को शौचालय निर्माण कराने के उपरांत बारह हजार रुपये की अनुदान राशि उपलब्ध करा रही हैं, जो लोग अभी तक शौचालय का निर्माण नही कराए हैं वे हर हाल में शौचालय का निर्माण कराकर, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि शौच से आने के बाद मिट्टी कि जगह साबुन से हाथ धोये। आप रोज रोज स्वयं स्नान करें एवं अपने बच्चों कोई भी प्रतिदिन स्नान कराये ताकि बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का निवास होता है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना, टेली लॉ कानूनी सहायता योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री बृद्धजन पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, ई श्रम कार्ड, शौचालय प्रोत्साहन योजना तथा राज्य प्रायोजित मुख्यमंत्री साइकिल योजना, मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बालिका साईकिल योजना, स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, बिहार प्रतिकर योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमि योजना, पशुपालन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।

## गाँधी जयंती पर राम जानकी पार्क पर किया गया पौधारोपण



चाणक्य भूमि जयनगर

जयनगर अनुमंडल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर राम जानकी पार्क और बाबा पोखर सहित बस्ती के पार्क एवं पोखर में सफाई अभियान किया गया तथा बाबा पोखर पार्क में विभिन्न प्रकार के पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया इस मौके पर पार्क में दर्जनों भर पौधारोपण हुआ। बता दें कि इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद, जयनगर अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन, अंचलाधिकारी कुमारी सुजाता, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष अंकुर कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह भाकपा- माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह, जयनगर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव पवन कुमार यादव, जदयू नेता रामबाबू कामत, बैधनाथ ठाकुर अधिवक्ता सुमन कुमार सिंह, भूतपूर्व सैनिक लालू सिंह, भूतपूर्व दरोगा रामकुमार सिंह, कांग्रेस नेता अनुरंजन सिंह, कृष्ण कुमार यादव, राजेश कुमार मंडल, राजीव सिंह, पंकज सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हबीब उस्मान सहित दर्जनों लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## नवरात्र को लेकर बखरिया में कलश शोभा यात्रा का आयोजन



चा० भूमि मझौलिया

दुर्गा पूजा समिति बखरिया द्वारा शारदीय नवरात्र के एक दिन पहले गाजे बाजे और जयकारे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।ऐतिहासिक राजघाट स्थित कोहड़ा नदी से 1001 कुआरी कन्याओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा तथा पूजा मंडप में लाया।इस दौरान श्रद्धालु भक्ति धुनों पर भक्ति भाव थिरकते देखें गये।तथा पूरा वातावरण माता के जयकारों से गुंजीत होता रहा।इस जल शोभा यात्रा में अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र,अजय कुमार, मुखिया कमलपति देवी, पुरन दास,सुनिल सिंह, आलोक कुमार,अभय कुमार,निक्कू पटेल,मनोज पटेल,बिंदु यादव आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गांधी के विचारों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि - डीएम









चाणक्य भूमि गौनाहा

भितिहरवा गांधी आश्रम पर गांधी जयंती के अवसर पर डीएम दिनेश कुमार राय, नरकटियागंज एसडीएम सुर्यप्रकाश गुप्ता, आश्रम प्रभारी डॉ शंकर सुमन आदि ने गांधी जयंती के अवसर पर गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को डीएम द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर कस्तुरबा विद्यालय की बच्चियों एवं कौशल विकास केन्द्र गौनाहा तथा संत जेवियर स्कूल के बच्चों के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन कर प्रिय भजन गया गया।

मौके पर उपस्थित पंडितजी, फादर व मौलवी मो कलिमउल्लाह ने अपने-अपने धर्मग्रंथों के द्वारा लोगों को संबोधित किया। डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गांधी का मुख्य उद्देश्य था स्वच्छता अभियान, इसे सफल बनाने की आवश्यकता है। गांधी के बताएं रास्ते पर चलकर ही उनके सपने को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत शिक्षक शिव शंकर चौहान किया। डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने गांधी संग्रहालय, संग्रहालय कक्ष एक व दो का भी अवलोकन कर गांधी से जुड़े तस्वीरों को देखा। मौके पर अनिरुद्ध चौरसिया, विक्रमा चौधरी, नौसाद आलम आदि उपस्थित थे।

» गांधी जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानीयों के परिजनों को किया गया सम्मानित

## कस्तूरबा की सहयोगी जागो देवी के नाम होगा गर्ल्स कॉमन रूम

चाणक्य भूमि गौनाहा



भितिहरवा में कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागो देवी गर्ल्स कॉमन रूम का बुधवार को शिलान्यास किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भितिहरवा आश्रम जीवन कौशल ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस विद्यालय की छात्राओं को सभी सुविधाएं मिले, इसके लिए ट्रस्ट हमेशा प्रयासरत रहता है। गर्ल्स कॉमन रूम एक अनिवार्य सुविधा है, जिसका शिलान्यास आज हो गया है और इसका निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा होगा। यह कॉमन रूम जागो देवी के नाम पर बनाया गया, जो मां कस्तूरबा की सहयोगी थीं।

शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भितिहरवा और चंपारण बापू की कर्मभूमि है। यहां बापू ने समाज को दिशा दिखाई। बापू के कार्य आज भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि बापू ने शराब को सबसे बड़ी बीमारी बताया, जो शरीर और आत्मा दोनों की अशुद्धि का कारण है। लेकिन प्रशांत किशोर ने अपनी यात्रा तो बापू का नाम लेकर शुरू की लेकिन साथ ही वे यह भी कह देते हैं कि उनकी सरकार बनी तो 15 मिनट में शराबबंदी खत्म कर देंगे।

श्री सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर ने बापू के विचारों की बात की है लेकिन उसे आत्मसात नहीं किया है। चंपारण समर्पण की भूमि है और बापू के विचारों में मिलावट करने वालों को सफलता नहीं मिल सकती। वहीं विधान पार्षद सौरभ कुमार ने कहा कि चंपारण और बापू का जुड़ाव अखंड है। चंपारण, भितिहरवा के विकास में जो भी संभव है, हम योगदान करते रहेंगे। अभी भितिहरवा की निवासी स्वतन्त्रता सेनानी मुकुटधारी चौहान की माँ जागो देवी के नाम पर गर्ल्स कॉमन रूम का शिलान्यास हुआ है, आगे और भी काम होंगे। भितिहरवा आश्रम जीवन कौशल ट्रस्ट के सचिव ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष राकेश राव, आनंद शाही मुखिया, स्वर्गीय जागो देवी के परपोते चंदन चौहान, दीपेंद्र बाजपेयी सेवानिवृत शिक्षक शिवशंकर चौहान, चंद्रकिशोर महतो आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी कर मादक पदार्थ जप्त



चा० भूमि नरकटियागंज

पुलिस अधीक्षक पश्चिमी चंपारण बेतिया के निर्देशाअनुसार अनुमंडल की विभिन्न थानों में मादक पदार्थ एवं अवैध शराब की बरामदगी हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 1.10.2024 को मानवीय आसूचना एवं तकनीकी सहयोग से पुलिस अधीक्षक बेतिया के निर्देशन पर मानपुर थाना क्षेत्र के हरदिया मोड़ के पास गोपनीय तरीके से छापेमारी किया गया तो एक बोलेरो गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर BR-11AH-2877 पर सवार दो व्यक्ति एक मुन्ना पटेल पिता स्वर्गीय कन्हैया पटेल साकिन बानुछापर एवं दूसरा रामबाबू कुमार पिता स्वर्गीय भोला चौधरी साकिन बनहौरा थाना जगदीशपुर जिला पश्चिमी चंपारण बेतिया पकड़ा गया। गाड़ी में रखा गया कुल 69.61 कि० ग्रा० गाजा एवं 01 कि० ग्रा० चरस तथा तीन मोबाइल बरामद हुआ। पकड़े दोनों व्यक्तियों के निशानदेही पर तीसरा व्यक्ति अर्जुन कुमार पिता स्वर्गीय दरोगा सा शकीरा बनहौरा थाना जगदीशपुर जिला पश्चिमी चंपारण बेतिया को i10 गाड़ी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर BR-01AZ-0929 के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में मानपुर थाना कांड संख्या 64/24 दिनांक 1.10.2024 धारा 0 820 (बि)/(¡¡)(C)/23(C)/25/29 NDPS Act दर्ज किया गया है।

छापामारी दल में शामिल पुलिस बल पु०अ०नि०अजय चौधरी थाना अध्यक्ष एवं पु०अ०नि० सुधीर कुमार ठाकुर मानपुर थाना स०अ०नि० यतेंद्र कुमार मानपुर थाना थाना रिजर्व गार्ड आदि शामिल रहे। बरामद सामानों का अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लाखों में बताया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ध्यान दे सिविल सर्जन के कारनामों पर

» अनुज्ञप्ति निरस्त होने के बाद भी धड़ल्ले से चल रहा है नितू सर्जिकेयर हॉस्पिटल

चाणक्य भूमि

**नरकटियागंज से संवाददाता मेराज आलम की खबर**




नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत नंदपुर ढाला के पास संचालित हो रहे नितु सर्जिकेयर हॉस्पिटल के अनुज्ञप्ति को स्वास्थ्य बिभाग के अधिकारियो द्वारा निरस्त कर दिया गया था। लेकिन अनुज्ञप्ति निरस्त के बाद भी अस्पताल के संचालक द्वारा धड़ल्ले से ऑपरेशन किया जा रहा है। जिससे प्रतीत होता है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों मिलीभगत से इस आदेश का नीतू सर्जिकेयर के संचालक मजाक उड़ा रहे है। बताते चले कि कुछ दिन पूर्व में भी नीतू सर्जिकेयर अस्पताल के द्वारा एक मरीज को गलत तरीके से ऑपरेशन कर उसको मौत के घाट उतारने का प्रयास किया जा रहा था। जो कि मरीज के परिजन के द्वारा अधिकारियों को शिकायत कर हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन को रद्द करवा दिया गया था और प्रशासन के द्वारा मरीज को बेहतर इलाज के जीएमसीएच बेतिया के लिए भेज दिया गया की मरीज की जान बच जाए।

ऐसा माना जा रहा है कि इनके संचालक का सिविल सर्जन कार्यालय में लंबे समय से पदस्थापित एक कर्मी से प्रगाढ़ सम्बंध है जिसकी वजह से माननीय सिविल सर्जन भी आँखे मूँद रखें है हालांकि सच्चाई का खुलासा जाँच के बाद ही होगा परंतु जिस तरह खुलेआम संचालकों द्वारा अस्पताल का संचालन किया जा रहा है उससे इसकी सम्भावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता।

## नवरात्र से पहले जगदम्बा भवानी के मंदिरो का किया साफ -सफाई

चा० भूमि योगापट्टी

योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र में दशहरा के प्रारम्भ से पहले आदि शक्ति जगदम्बा भवानी के स्थानों एवं मंदिरो का ग्रामीणो द्वारा काया कल्प किया गया |दशहरा के अवसर पर नवलपुर माई का मंदिर एवं मंदिर के प्रांगण का साफ -सफाई, रंग रोगन और सजाया गया हैं मंदिर के प्रांगण को पंडाल लगाकर सजाया गया हैं जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी प्रसाद भगत ने बताया कि यहां नवरात्रि में भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता हैं मेले में झूला, खेल तमासे, रामलीला, खिलौनो, तरह तरह की मिठाइयो और आदि वस्तुओ की दुकान भी लगाया जाता हैं |नवरात्रि में माता का दर्शन करने के लिए दूर दराज के श्रद्धालू आया करते हैं मेले में किसी प्रकार का दंगा फ़साद न हों उसके लिया पुलिस प्रशासन एवं कमेटी देख रेख करती हैं |इसी प्रकार पंचायत बलुआ भवानीपुर के परेगवा गांव में माता के मंदिर एवं प्रांगण कि साफ सफाई, साजो सजावट गांव के ग्रामीणों और कमिटी के सदस्यों द्वारा किया गया हैं | वार्ड सदस्य पति जितेंद्र कुशवाहा, रंतोष कुमार, शशिभूषण कुशवाहा और बृजेश प्रसाद ने बताया कि नवरात्र हिन्दुओं का महान त्यौहार हैं जिसमे नौ दिन लोग माता का पूजन एवं उपवास करते हैं नवरात्रि में पुरे नौ दिन गावों और शहरो में हर्षउल्लास छाया रहता हैं | इसी प्रकार पुरे प्रखंड में जगह जगह गावों और चौक पर माँ दुर्गा कि प्रतिमा नौ दिनों के लिए रखा जाता हैं |इसी क्रम में दिन बुधवार को चमेनिया बाजार से कलश यात्रा भी निकाला गया हैं |

# बाबर आजम ने पाकिस्तान की सफेद गेंद टीम की कप्तानी से दिया इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम ने सीमित ओवरों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। 29 वर्षीय बाबर को 2023 वनडे विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के वाइट-बॉल कप्तान के पद से हटा दिया गया था। हालांकि, केवल तीन महीने की अवधि के बाद, उन्हें मार्च 2024 में फिर से इस पद पर नियुक्त कर दिया गया था। बाबर का दूसरा कार्यकाल भी खराब रहा,पाकिस्तान टी20 विश्व कप से ग्रुप चरणों में बाहर हो गया, जिसमें टीम को यूएसए से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष स्थान पर रहने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से हार भी चर्चा का विषय रही। टेस्ट टीम हाल ही में इतिहास में पहली बार बांग्लादेश से हारी। बाबर ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर संन्यास की घोषणा की। उन्होंने लिखा, "प्रिय प्रशंसकों, मैं आज आपके साथ कुछ समाचार साझा कर रहा हूँ। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को दी गई अपनी अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान के पद से इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है।" बाबर ने आगे लिखा, "इस टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करूं। कप्तानी एक पुरस्कृत अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को प्राथमिकता देना चाहता हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताना चाहता हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है।" बाबर ने लिखा, "पद से हटने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाऊंगा। मैं आपके अटूट समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए आभारी हूं। आपका उत्साह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है और एक खिलाड़ी के रूप में टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।"

पाकिस्तान के तत्काल व्हाइट-बॉल असाइनमेंट में अगले छह महीनों में ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे शामिल हैं। शाहीन अफरीदी ने बाबर के पिछले कार्यकाल के समाप्त होने के बाद टी20आई कप्तान के रूप में काम किया,लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को भी कप्तानी से हटा दिया गया, और इससे इस बात पर बहस छिड़ गई कि पाकिस्तान का नया व्हाइट-बॉल कप्तान कौन हो सकता है। पाकिस्तान ने 2023 विश्व कप के बाद से कोई वनडे नहीं खेला है।

# मोर्कल ने जडेजा को मैच विजेता खिलाड़ी बताया

**एजेंसी, कानपुर**



भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे एक संपूर्ण खिलाड़ी बताया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर रहे मोर्कल ने कहा कि जडेजा एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के बल पर किसी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। कोच ने कहा कि जिस प्रकार जडेजा ने 74 मैचों टेस्ट मैचों में ही 3000 रन और 300 विकेट हासिल किये उससे उनकी क्षमताओं का अंदाजा होता है।

इससे पहले केवल इंग्लैंड के महान ऑलराउंडर इयान बॉथम ने 72 मैचों में 3000 टेस्ट रन और 300 विकेट लिए थे। जडेजा ने बांग्लादेश हसन महमूद को आउट कर अपने 300 विकेट पूरे किये। मोर्कल ने कहा कि मेरे लिए जडेजा एक ऐसा खिलाड़ी है जो किसी भी भूमिका चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाज खरा उतरता है। हैवह मैदान पर ऐसा खिलाड़ी है जो जादू कर सकता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसे आप हमेशा अपनी टीम में रखना चाहेंगे। वह पिछले कई वर्षों से भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। मोर्कल के अनुसार 300 क्लब में शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि है। वह किसी भी मैच में अपनी ओर से पूरे प्रयास करता है। जडेजा ने आर अश्विन के साथ मिलकर विरोधी टीम के बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया है। मोर्कल ने कहा कि ये दोनो ही बल्लेबाज को कोई अवसर नहीं देते हैं। आपको इहमेशा रन बनाने के तरीके खोजने होंगे। दोनों गेंदबाज अगर एक साथ गेंदबाजी करते है तो बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

# अंडर -19 टेस्ट में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चेन्नई में भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीमों के बीच चल रहे युवा टेस्ट मैच में, वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को भारत के लिए अंडर -19 टेस्ट में सबसे तेज शतक दर्ज किया। भारत के लिए पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए, 13 वर्षीय खिलाड़ी ने केवल 58 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उनकी पारी में 14 चौके और चार छक्के शामिल थे। वह 104 रन रन बनाकर रन आउट हुए। कुल मिलाकर, यह अंडर -19 टेस्ट में दूसरा सबसे तेज़ शतक है, इंग्लैंड के मोइन अली अभी भी रिकॉर्ड धारक हैं। मोईन ने यह रिकॉर्ड 2005 में बनाया था, जब उन्होंने 56 गेंदों पर शतक जड़ा था। वैभव पिछले साल तब सुर्खियों में आए थे जब वह 12 साल की उम्र में बिहार के लिए खेलते हुए रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन गए थे और उन्होंने सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। उन्होंने अब तक दो प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

# टिम साउथी ने न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ी

**एजेंसी, वेलिंगटन**



टिम साउथी ने न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है, टॉम लॉथम अब पूर्णकालिक कप्तान की भूमिका निभाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह घोषणा न्यूजीलैंड के श्रीलंका में टेस्ट सीरीज में 2-0 से हारने के कुछ ही दिनों बाद की गई है। पूर्णकालिक कप्तान के रूप में लॉथम का पहला काम भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज होगी। न्यूजीलैंड के प्रमुख तेज गेंदबाज साउथी ने 2008 में पदार्पण करने के बाद से टीम के लिए 102 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 382 विकेट लिए हैं। उन्होंने दिसंबर 2022 में केन विलियमसन से कप्तान का पद संभाला और 14 टेस्ट मैचों में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें छह जीत, छह हार और दो ड्रॉ रहे। पद छोड़ने के अपने फैसले के बारे में साउथी ने कहा कि यह टीम के सर्वोत्तम हित में लिया गया था। उन्होंने कहा, "मेरे लिए इतने खास प्रारूप में ब्लैककैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है।

# महिला टी20 विश्व कप 2024: ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ने अभ्यास मैचों में दर्ज की जीत

**एजेंसी, दुबई**



ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में अपने-अपने अभ्यास मैचों में जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन गेंदबाजी की और वेस्टइंडीज के अंतिम नौ विकेट 17 रन पर चटकाए और अभ्यास मैचों में अजेय रहा। इंग्लैंड ने लॉरेन बेल और सारा ग्लेन की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड को 127 रन पर रोका और फिर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं, दीप्ति शर्मा ने नाबाद 35 रन बनाए और दो रन देकर एक विकेट लिया जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया। एनाबेल सदरलैंड और एश्ले गार्डनर के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 35 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के शीर्ष छह में से चार बल्लेबाज दहाई के अंकों को भी नहीं छू सके, लेकिन गार्डनर ने रन बनाए, उन्होंने और सदरलैंड ने छठे विकेट के लिए 56 रन जोड़े, जिसमें सदरलैंड 38 रन बनाकर आउट हुईं। गार्डनर (31) अंतिम विकेट के रूप में आउट हुईं, वहीं, अलाना किंग ने 13 गेंदों पर 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में, हेले मैथ्यूज और कियाना जोसेफ ने पहले विकेट के लिए 68 रन बनाए, जबकि मैथ्यूज (42) और शेमेन कैम्पबेल ने दूसरे विकेट के लिए 24 रन जोड़े।

## व्यापार

# एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट का विलय पूरा हुआ: डीजीसीए

**एजेंसी, नई दिल्ली**




एयरलाइंस कंपनी एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय पूरा हो गया है। डीजीसीए ने विलय के लिए अपेक्षित विनियामक अनुमोदन प्रदान कर दिया है। ये दोनों विमानन कंपनियां टाटा समूह का हिस्सा हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी है। डीजीसीए ने एक बयान में कहा कि एक अक्टूबर, 2024 से एआईएक्स कनेक्ट के सभी विमान को एआईएक्स के एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (एओसी) पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि संयुक्त इकाई का एयरलाइन परिचालन बिना किसी व्यवधान के जारी रहेगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुचारू अनुभव मिल सके। विमानन नियामक ने कहा कि वह सभी विनियामक शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने, उपभोक्ता हितों की रक्षा करने तथा भारत में हवाई परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विलय के बाद परिचालनों पर करीबी नजर रखेगा।

डीजीसीए प्रमुख विक्रम देव दत्त ने कहा कि यह विलय उपभोक्ताओं के लिए समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के साथ सुरक्षित हवाई संचालन को बढ़ावा देकर सार्वजनिक हित में काम करे। उधर, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने जारी बयान में कहा कि आज का दिन हमारे लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, क्योंकि हमने एआईएक्स कनेक्ट जो पहले एयरएशिया इंडिया के नाम से जाना जाता था, एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ कानूनी विलय की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कंपनी ने कहा कि आज हम आईएक्स-एक एकल, एकीकृत एयरलाइन के बैनर तले एक साथ आए हैं। यह क्षण एक मजबूत परिचालन मोर्चे और डीजीसीए के अटूट मार्गदर्शन में हमारी अविश्वसनीय टीमों के महीनों के समर्पण और समर्थन की परिणति को दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि हम इस यात्रा के दौरान उनके दृढ़ समर्थन के लिए विमान नियामक डीजीसीए को धन्यवाद देते हैं। जैसा कि हम इस नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं, हम स्थानों, लोगों और संस्कृतियों को और अधिक जोड़ने के अपने मिशन को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

# वित्त मंत्री ने कहा-'क्लस्टर' विकास का दृष्टिकोण अपनाए अरुणाचल सरकार

**एजेंसी, ईटानगर/नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश सरकार से कहा कि वह राज्य में सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ-साथ क्षमता निर्माण के लिए 'क्लस्टर' विकास दृष्टिकोण को अपनाए।

निर्मला सीतारमण ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम को के दौरान मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप-मुख्यमंत्री चौना मीन की उपस्थिति में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) द्वारा एक ऋण पहुंच कार्यक्रम में कहा कि अरुणाचल प्रदेश में आज तक एमएसएमई मंत्रालय का घोषित एक भी औद्योगिक 'क्लस्टर' (संकुल) नहीं है। वित्त मंत्री सीतामरण ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पेमा खांडू से अनुरोध करती हूं कि वे राज्य में 20 जीआई-चिह्नित उत्पादों के लिए 'क्लस्टर' विकास का दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने कहा कि छोटे स्थानों पर ऐसे 'क्लस्टर', मंत्रालय द्वारा घोषित किए जा सकते हैं। ऐसे उद्यमों को वित्तपोषित करने के लिए भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक (सिडबी) को जोड़ा जा सकता है।

उन्होंने नाबार्ड, सिडबी और पीएनबी के सहयोग से स्टेट बैंक द्वारा आयोजित सीएसआर कार्यक्रम के तहत यहां पुलिस मुख्यालय को एक एम्बुलेंस तथा शव लाने-ले-जाने वाला एक वाहन सौंपा। इसके साथ ही एसबीआई द्वारा दान की गई 50 साइकिल भी छात्राओं को प्रदान कीं। इसके साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को बैंकों से स्वीकृति पत्र तथा 160 लाभार्थियों को 14.41 करोड़ रुपये की ऋण राशि वितरित की।

# विशाल मेगा मार्ट और हुंडई मोटर समेत 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी की मंजूरी, जारी किया गया ऑब्जर्वेशन लेटर

**एजेंसी, नई दिल्ली**




मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने हुंडई मोटर इंडिया समय पांच कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए हरी झंडी दे दी है। इन कंपनियों में फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी, विशाल मेगा मार्ट, एक्मे सोलर होल्डिंग्स और ममता मशीनरी के नाम भी शामिल हैं। सेबी से मिली जानकारी के मुताबिक हुंडई मोटर इंडिया और स्विगी को मार्केट रेगुलेटर ने 24 सितंबर को ऑब्जरवेशन लेटर इशू किया है, जबकि विशाल मेगा मार्ट को 25 सितंबर को ऑब्जरवेशन लेटर जारी हुआ है। इसी तरह ममता मशीनरी और एक्मे सोलर होल्डिंग्स को 27 सितंबर को ऑब्जरवेशन लेटर दिया गया है। ऑब्जरवेशन लेटर इशू होने के बाद कंपनी को अगले 1 साल की अवधि में अपना आईपीओ लॉन्च करने की अनुमति मिल जाती है। हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ का निवेशकों को लंबे समय से इंतजार हैं। देश की इस दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी का आईपीओ अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। कंपनी ने 14 जून को सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर जमा कराया था। इस आईपीओ के तहत 14.21 करोड़ इक्विटी शेयर की बिक्री सिर्फ ऑफर फॉर सेल ऑफ (ओएफएस) के जरिए की जाएगी। बताया जा रहा है कि कंपनी का लगभग 3 अरब डॉलर का ये आईपीओ इसी महीने लॉन्च हो सकता है। इसी तरह विशाल मेगा मार्ट ने 29 जुलाई को सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर जमा कराया था। केदारा कैपिटल और पार्टनर्स ग्रुप के निवेश वाली ये कंपनी फैशन से जुड़ी हाइपरमार्केट चेन है। कंपनी अपने आईपीओ के जरिए बाजार से करीब एक अरब डॉलर की राशि जुटाना चाहती है। इस आईपीओ का कामकाज देखने के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेपी मॉर्गन, मॉर्गन स्टेनली, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और जेफरीज को लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है।

# मारुति सुजुकी की बिक्री सितंबर में दो फीसदी बढ़कर 1,84,727 इकाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की सितंबर महीने की कुल बिक्री सालाना आधार पर 02 फीसदी बढ़कर 1,84,727 इकाई पहुंच गई है। कंपनी ने पिछले साल इसी अवधि में 1,81,343 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि सितंबर में घरेलू यात्री वाहनों की कुल बिक्री 1,44,962 इकाई रही, जो सितंबर 2023 के 1,50,812 इकाई के आंकड़े से चार फीसदी कम है। वहीं, ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री सितंबर 2023 के 10,351 इकाइयों की तुलना में बढ़कर 10,363 इकाई पर पहुंच गई है। हालांकि, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर समेत कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री घटकर 60,480 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 68,551 इकाई थी। एमएसआई के मुताबिक ब्रेज़ा, अर्टिगा, ग्रैंड विटारा और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री सितंबर महीने में 61,549 इकाई रही है, जो सितंबर, 2023 की 59,272 इकाई की तुलना में चार फीसदी अधिक है। वैन ईको की बिक्री इस दौरान 11,908 इकाई रही, जबकि सितंबर 2023 में यह 11,147 इकाई थी।

# आरबीआई की सख्ती से गोल्ड लोन ग्रोथ पर असर पड़ने की आशंका, केंद्रीय बैंक ने लेंडर्स के लिए जारी किया सख्त निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**




गोल्ड लोन देने की प्रक्रिया में गड़बड़ी पाए जाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सख्त हो गया है। हालांकि केंद्रीय बैंक की इस सख्ती का देश की टॉप ब्रोकरेज कंपनियों ने स्वागत जरूर किया है लेकिन इसके साथ ही गोल्ड लोन के ग्रोथ पर असर पड़ने की आशंका भी जताई है। एक दिन पहले ही आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी करके कर्ज देने वाली एंटिटीज (गोल्ड लोन कंपनी) को अपनी पॉलिसी और पोर्टफोलियो की समीक्षा करने तथा तुरंत एक्शन लेने का निर्देश दिया था। इस सर्कुलर में कंपनियों को 3 महीने में पर्याप्त सुधार करने की चेतावनी दी गई है। आरबीआई की सख्ती के बाद ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने एक विज्ञप्ति जारी करके कहा है कि इस सख्ती के कारण गोल्ड लोन की ग्रोथ घट सकती है। गोल्ड लोन देने वाली बड़ी कंपनियों को इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि आरबीआई की ये सख्ती गोल्ड लोन मार्केट की बेहतरी के लिए जरूरी तो है लेकिन इससे तत्काल कंपनियों के सामने परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। विज्ञप्ति में ये भी कहा गया है कि केंद्रीय बैंक ने गोल्ड लोन कंपनियों को गड़बड़ी दूर करने के लिए 3 महीने का समय दिया है। इस तीन महीने की अवधि में अगर कंपनियां जरूरी सुधार कर लेती हैं तो आरबीआई का रेगुलेटरी एक्शन टल सकता है। इसी तरह जेफरीज ने भी आरबीआई की सख्ती को जरूरी बताते हुए इसका स्वागत किया है। हालांकि जेफरीज ने भी इस सख्ती की वजह से आने वाले दिनों में गोल्ड लोन के ग्रोथ पर असर पड़ने की आशंका जताई है।

# जिला प्रशासन बाढ़ एवं कटाव से निबटने हेतु जिला प्रशासन तत्पर

चाणक्य भूमि बेतिया

» जिला के 37 पंचायतों के 32862 आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। जिलाधिकारी द्वारा लगातार की जा रही समीक्षा और समस्याओं का तुरंत कराया जा रहा है निदान



विगत दिनों नेपाल और जिला में हुई भारी बारिश के साथ ही गंडक नदी में 6 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण जहाँ पश्चिम चंपारण जिले के लोगों ने बाढ़ की विभीषिका देखी, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन ने भी बाढ़ पीड़ितों, विस्थापित लोगों को हर सम्भव राहत, सहायता पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है।

जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय स्वयं घूम घूम कर और कटाव स्थल पर मुस्तैद होकर कटाव निरोधी कार्य का मुआयना कर रहे हैं। नदियों के बढ़े जलस्तर से निपटने तथा प्रभावितों को तुरंत राहत मुहैया कराने को लेकर जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

विस्थापितों के बीच खाना-पानी, दवा, पॉलीथिन शीट्स, सूखा राशन का वितरण लगातार कराया जा रहा है। बाढ़ से विस्थापित लोगों के लिए कम्युनिटी किचेन के माध्यम से राहत पहुँचाया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं लगातार पल-पल की गतिविधि पर नजर रख रहे हैं तथा कटाव स्थल, प्रभावितों के बीच जाकर उन्हें और बेहतर सुविधा मुहैया कराने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं।

जिलाधिकारी स्वयं सामुदायिक किचन के संचालन पर नजर रख रहे हैं और निरीक्षण के क्रम में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बधित अधिकारियों को लगातार निर्देशित कर रहे हैं।

बाढ़ आपदा में मानव के अलावा पशु भी आहत हुए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में एक ओर जहां बाढ़ विस्थापितों के लिए चिकित्सकों द्वारा कैम्प आयोजित करते हुए आवश्यक दवाओं का वितरण किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पशुपालन विभाग के द्वारा भी जगह-जगह कैम्प के माध्यम से बीमार/आशक्त पशुओं का इलाज भी किया जा रहा है और उनकी बेहतरी के लिए दवाएं भी दी जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जिलाधिकारी को आपदा जनित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है। उसके त्वरित और नियमानुसार निराकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। विभिन्न स्थलों से नाव की मांग किए जाने पर तत्काल नाव उपलब्ध कराया जा रहा है। बाढ़ से बचाव के लिए जिले में एस०डी०आर०एफ०, एन०डी०आर०एफ० की टीम लगातार कैम्प कर रही है और प्रत्येक सूचना पर रेस्क्यू कर रही है।

बाढ़ से हुए कटाव स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सबंधित कार्यपालक अभियंता, संवेदक और मजदूरों से सीधे संवाद कर रहे हैं और उन्हें द्रुत गति से कटाव मरम्मती कार्य कराने हेतु निर्देशित कर रहे हैं।

विगत दिनों बगहा अनुमंडल के खैरटवा ग्राम में चम्पारण तटबंध तथा बेतिया अनुमंडल के बैरिया प्रखंड में घोड़हीया घाट के समीप रिंग बांध के टूटने की सूचना पर जिलाधिकारी, जिला प्रशासन की टीम के साथ स्वयं कटाव स्थल पर पहुंचे और उन्होंने ना केवल त्वरित कार्रवाई करते हुए कटाव निरोधी कार्य प्रारम्भ कराया बल्कि कार्य प्रगति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार राज्य स्तरीय उच्च अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराते हुए कार्य प्रगति की ओर ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं।

कई जगहों से सड़क टूटने की शिकायत भी मिल रही है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा स्वयं भी कई जगहों पर जाकर हाल लिया जा रहा है और स्थिति के अनुसार संबंधित अधिकारियों को समीक्षा कर प्राक्कलन तैयार करने हेतु निर्देशित कर रहे हैं। उनके द्वारा स्थाई निदान करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को जलस्तर कम होते ही टूटे हुए संपर्क पथ, पुल-पुलिया का सर्वे करते हुए त्वरित गति से मरम्मती कराने का निर्देश दिया गया है।

जलस्तर कम होते ही पानी जनित रोग के फैलने की प्रबल संभावना को देखते हुए सिविल सर्जन और नगर निकाय के पदाधिकारियों को ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने, पर्याप्त साफ-साफाई कराने का विशेष निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अब तक के आंकड़ों के अनुसार पश्चिम चम्पारण जिला के 37 पंचायतों के 32862 आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। इनकी सहायता के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के मानक के अनुरूप 14 सामुदायिक किचेन संचालित कराया गया है, जिसमें सुबह और रात मिलाकर 20 हजार से अधिक पीड़ितों के द्वारा भोजन आदि किया गया है। इसके आलावे छः हजार से अधिक परिवारों के बीच सूखा राशन का वितरण कराया गया है वहीं 1557 पॉलीथिन शीट्स का वितरण भी कराया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा 62 चिकित्सक, आशा कार्यकर्ता, नर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है, वहीं पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस सम्बद्ध किया गया है, जो ऑन कॉल उपलब्ध है। 10 चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं, जिनमें अब तक 200 से अधिक मरीजों का इलाज चिकित्सकों के द्वारा किया गया है। बोट एम्बुलेंस के माध्यम से 88 गंभीर मरीज, नवजात शिशु, गर्भवती महिलाओं को रेस्क्यू कराया गया है। 04 गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया है।

पशुपालन विभाग के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अबतक 3270 पशुओं का इलाज किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा कोष पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है, इसलिए कोई भी आपदा पीड़ित इससे वंचित नहीं रहे, इसे सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपदा पीड़ितों की मदद करने से बड़ा सत्कर्म कोई नहीं, ये सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा आपदा पीड़ितों की मदद करने को प्राथमिकता दी जाती है, इसलिए उनके निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सभी पदाधिकारियों का प्राथमिक दायित्व है।

# दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में की गई शांति समिति की बैठक

चाणक्य भूमि बगहा



दुर्गा पूजा को लेकर भैरोगंज थाना परिसर में मंगलवार कि देर शाम को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। और दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया। भैरोगंज थाना के कक्ष में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष भरत कुमार जी ने की बैठक में दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विगत वर्षों की भांति दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर क्रमवार चर्चा हुई। बैठक में अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जायसवाल जी, मेला संयोजक श्री नारायण जायसवाल, ललन जसवाल,मीडिया प्रभारी नसीम अशरफ,आकाश जायसवाल, रवि सोनी गोविंद कुमार सुमित कुमार अशोक कुमार अंकित कुमार पूजा समिति के सदस्य, एवं समेत बाज़ार के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित हुए।









# कांग्रेस ने महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

चाणक्य भूमि बगहा



कांग्रेस कमिटी द्वारा अल्पसंख्यक कार्यालय बगहा 1 में महात्मा गांधीजी की 156 वीं जयंती स्व लाल बहादुर शास्त्री जी की 120 वीं प० प्रजापति मिश्र जी की 126 वीं जयंती व कांग्रेस सेवादल के जोनल सचिन हलीम अख्तर खान का सम्मान समारोह मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाई उत्कर्ष वर्मा संचालन बगहा नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बारी बारी तीनों विभूतियों के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व बिहार प्रदेश प्रतिनिधि बगहा नगर उप सभापति जितेन्द्र राव ने कहा कि गांधी जी एक ऐसे व्यक्ति थे,जिन के जीवन और सिध्दांतों ने इतिहास पर एक अमित छाप छोड़ी है महात्मा गांधी जिन्हें राष्ट्रपिता के रूप में जाना जाता है। सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे।

लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री के रूप में भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को पहचाना और कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान सौनिको और किसानो दोनों को प्रेरित करने के लिए जय जवान जय किसान का नारा दिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा जनता के हित को ध्यान रखते हुए बिजली के मीटर में बदलाव कर स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर लगाए जाने के विरोध में बिहार न्याय यात्रा का आयोजन किया गया था। जिस में बगहा के कांग्रेस सेवादल के जोनल सचिन हलीम अख्तर खान पदयात्री के रूप में शामिल रहे पटना से गया तक 7 दिवसीय 150 किलोमीटर की पदयात्रा कर न्याय योढा हलीम अख्तर खान को बगहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्मान समारोह कर उन को अंग वस्त्र और पुष्प के माला से सम्मानित किया गया।

# महात्मा गांधी की प्रतिमा पर महापौर ने किया माल्यार्पण



चाणक्य भूमि बेतिया

» स्वच्छ पर्यावरण के साथ शारीरिक, मानसिक और वैचारिक स्वच्छता के पक्षकार थे महात्मा गांधी:गरिमा
» महापौर ने कहा बापू की पवित्र स्मृति स्थल व धरोहर के रूप में नगर निगम ने किया सौंदर्यीकरण की योजना पारित

गाँधी जयंती के अवसर पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने चंपारण सत्याग्रह के यादगार धरोहर पिंजरापोल गौशाला परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नगर निगम के द्वारा आयोजित "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा के समापन समारोह में श्रीमती सिकारिया कहा कि राष्ट्रपिता के रूप में सम्मानित महात्मा गांधी जी स्वच्छ पर्यावरण के साथ शारीरिक, मानसिक और वैचारिक स्वच्छता के पक्षकार थे। अपने नगर निगम का यह पिंजरा पोल गौशाला बापू की पवित्र कृतित्व का यादगार स्मृति स्थल और धरोहर है। इसी को लेकर हमारे नगर निगम बोर्ड ने यहां के प्रतिमा स्थल को यादगार धरोहर के रूप विकसित करने और सौंदर्यीकरण की एक महत्वाकांक्षी योजना को पारित किया है।

मौके पर रवि गोयनका, संजय झुनझुनवाला, सुरेश सिंघानिया, प्रेम सोमानी, संजय जैन, अनूप टेकरीवाल, सोनू अग्रवाल, प्रभु जी इत्यादि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।






# कस्तूरबा बालिका विद्यालय पारस पकड़ी में इंटर की पढ़ाई शुरू

चा० भूमी मझौलिया



सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर के पावन अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पारस पकड़ी में एक और नया अध्याय जुड़ गया जब डीपीओ मनीष कुमार सिंह और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के जिला प्रभारी शेखर कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर कक्षा नवम से 12वीं कक्षा तक वर्ग संचालन का शुभारंभ किया।अपने संबोधन में डीपीओ मनीष कुमार सिंह ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पारस पकड़ी में छात्राओं के लिए 12 वीं कक्षा तक वर्ग संचालन का शुभारंभ होना शिक्षा जगत के लिए एक सौगात के समान है। अब यहां बच्चियां इंटर तक शिक्षा प्राप्त कर सकती है और शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त सारी सुविधाएं प्राप्त कर सकती है।उन्होंने कहा कि एक बेटी पढ गई सात पीढ़ी तर गई।उपस्थित अभिभावकों से अपील किया कि बेटा और बेटी में फर्क नहीं समझे।आज बेटियां भी पढ़कर उच्च पदों पर आसीन हो रही है तथा अपने माता-पिता गुरुजनों राज्य तथा देश का मान सम्मान बढ़ा रही है।उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।वर्ग संचालन कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर किया गया।इस अवसर पर शाइस्ता रेजा स्वाति कुमारी ब्यूटी सिन्हा प्रीति कुमारी प्रियंका कुमारी आदि शिक्षिकाओं सहित सुरभि नैना लकी वैष्णवी सुहानी पृथ्वी अंकुरी गुड़िया तमन्ना आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए

चाणक्य भूमि बगहा

गांधी जयंती के अवसर पर स्थानीय विधायक भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बगहा नगर के गांधी चौक पर स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पर फूल माला के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्थानीय विधायक ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिए तथा सत्य एवं अहिंशा के पुजारी थे हम सब को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए साथ मे भाजपा संगठन जिला के अध्यक्ष भूपेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि देश के लिए गांधी जी के बलिदानों को भुलाया नही जा सकता वे हमेशा देश केलिए याद किये जायेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष ऋतु जायसवाल, मनोज सिंह , शिपु चौबे, नागेंद्र सहनी, धुर्प कुशवाहा, प्रकश कुमार गुप्ता सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।









# गाँधी जयंती के अवसर पर सिकारिया शिक्षण संस्थान में चला सफाई अभियान



चाणक्य भूमि मोतिहारी

उद्योगपति यमुना सिकारिया द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपने शिक्षण संस्थान सिकारिया फार्मेसी कॉलेज के सभी छात्रों शिक्षकों के साथ देवरहा बाबा मंदिर परिसर में साफ सफाई की गई इस अवसर पर सिकारिया ने कहा पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी जी का अभियान निरंतर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर रहा है जिसके फल स्वरुप आज हम सभी भारतीय इस महत्व को समझ रहे हैं अच्छे स्वास्थ्य के लिए अगल-बगल का वातावरण स्वच्छ होना चाहिए प्लास्टिक का उपयोग अब हमें बंद कर देना चाहिए ताकि प्रकृति हरी-भरी रह सके जनता अब इस बात को समझ रही हैं इस अवसर पर कॉलेज की वॉइस प्रिंसिपल प्रीति दुबे , द्वारिका एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पुलिस की गाड़ी से दबाकर मासूम की दर्दनाक मौत

चाणक्य भूमि बगहा

» अधिकारियों की बेरुखी आयी सामने अस्पताल पहुंचाने के बदले घटनास्थल से भागे

बुधवार को रामनगर अंचल निरीक्षक अजय कुमार ने बटवारिया थाना का निरीक्षण किया निरीक्षण कर वापस आने के दौरान सीताराम यादव टोला बत्रा में उनके गाड़ी से कुचलकर मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतक की पहचान अजय यादव की 4 वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार के रूप में हुई है इस घटना के बाद रामनगर अंचल निरीक्षक अजय कुमार वाहन चालक तेजी से गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गया स्थानीय ग्रामीणों ने कुछ दूर पीछा किया किंतु गाड़ी वहां से भागने में सफल रही। इस दौरान दो बकरियों की कुछ ले जाने की खबर मिल रही है आक्रोशित ग्रामीणों ने बटवारिया थाना अध्यक्ष को पुलिस गाड़ी के साथ घेर कर इंस्पेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे । इधर ग्रामीण जब थाना पहुंचे उस वक्त थाना परिसर में ना तो कोई पुलिस जवान था और नहीं कोई अधिकारी सभी लोग थाना से लापता हो चुके थे ।

दुर्घटना की खबर मिलते ही धनहा चौतरवा नदी वह भैरवगंज थाना समिति बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र रामनगर एसडीपीओ दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने में जुट गए।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714